राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 280
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 22 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

अपडेट
पेज 3 स्वराज इंडिया देश में चल रहे 'बुलडोजर राज' के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का स्वागत करता है
पेज 5 यूक्रेन से वापस आये मेडिकल छात्रों के भविष्य की रक्षा करे सरकार : अखिलेश
पेज 7 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेगी: अनुराग ठाकुर

### सिख गुरु तेग बहादुर का 400वां प्रकाश पर्व

# भारत भूमि सिर्फ विरासत नहीं एक परम्परा है : पीएम मोदी




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार रात गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सिक्का और डाक टिकट जारी किया। पीएम का संबोधन लाल किले की लॉन से हुआ।

पीएम ने कहा- गुरु तेगबहादुर साहब के 400वें प्रकाश पर्व को समर्पित इस भव्य आयोजन में मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं। अभी शबद कीर्तन सुनकर जो शांति मिली, वो शब्दों में अभिव्यक्त करना मुश्किल है। आज मुझे गुरू को समर्पित स्मारक डाक टिकट और सिक्के के विमोचन का भी सौभाग्य मिला है। मैं इसे हमारे गुरूओं की विशेष कृपा मानता हूं।

पीएम ने सभी गुरुओं को याद करते हुए प्रकाश पर्व की बधाई दी। पीएम ने कहा कि हमारे गुरुओं ने ज्ञान और अध्यात्म के साथ ही समाज और संस्कृति की जिम्मेदारी उठाई। भारत भूमि विरासत नहीं एक परम्परा है। भारत भूमि एक महान आत्मा है। यह दिन दुखियों को हरने वाला है। गुरुओं ने इस परम्मपरा को आगे बढ़ाया है।

#### हमारा देश गुरुओं के आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है

इससे पहले 2019 में हमें गुरुनानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व और 2017 में गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व मनाने का भी अवसर मिला था। मुझे खुशी है कि आज हमारा देश पूरी निष्ठा के साथ हमारे गुरुओं के आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है। इस पुण्य अवसर पर सभी दस गुरुओं के चरणों में नमन करता हूं। आप सभी को, सभी देशवासियों को और पूरी दुनिया में गुरुवाणी में आस्था रखने वाले सभी लोगों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई देता हूं।



#### आजादी के अमृत महोत्सव पर यह आयोजन विशेष

आजादी के बाद के 75 वर्षों में भारत के कितने ही सपनों की गूंज यहां से प्रतिध्वनित हुई है। इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान लाल किले पर हो रहा ये आयोजन बहुत विशेष हो गया है। ये लालकिला कितने ही अहम कालखण्डों का साक्षी रहा है। इस किले ने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को भी देखा है और देश के लिए मरने-मिटने वाले लोगों के हौसले को भी परखा है।

#### गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान अमूल्य

सैकड़ों काल की गुलामी से मुक्ति को, भारत की आजादी को, भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इसलिए आज देश आजादी के अमृत महोत्सव को और गुरु तेग बहादुर साहिब के 400वें प्रकाश पर्व को एक साथ मना रहा है। गुरु तेग बहादुर जी के अमर बलिदान का प्रतीक गुरुद्वारा शीशगंज साहब भी है। ये पवित्र गुरुद्वारा हमें याद दिलाता है कि हमारी महान संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान कितना बड़ा था।

पीएमओ के बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। 20 से 21 अप्रैल तक चलने वाले शबद कीर्तन में देश के अलग-अलग इलाकों से आए रागी (सिख संगीतकार) और बच्चे भाग ले रहे हैं। गुरु तेग बहादुर के जीवन को दर्शाने वाला भव्य लाइट एंड साउंड शो भी होगा। इसके अलावा सिखों की पारंपरिक मार्शल आर्ट गटका का भी आयोजन किया जाएगा।

#### सुबह कार्यक्रम में पहुंचे अमित शाह



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गुरु ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। गृह मंत्री गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती पर लाल किले पर हुए कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान शाह ने कहा- सिख गुरु के बलिदान ने भारत की आजादी के बीज बोए थे। गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दिया। उन्होंने कश्मीरी पंडितों को भी मुगलों के अत्याचार से बचाया था।**

#### औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर को फांसी का आदेश दिया था

यह प्रोग्राम नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं पर केंद्रित है। इन्होंने विश्व इतिहास में धर्म और मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

1675 में औरंगजेब ने लाल किले से गुरु तेग बहादुर को फांसी देने का आदेश दिया था। इसी वजह से लाल किले को 400वें प्रकाश पर्व के लिए चुना गया है।

गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों की धार्मिक आजादी का समर्थन किया था। उनकी पुण्यतिथि 24 नवंबर को हर साल शहीदी दिवस के रूप में मनाई जाती है।

#### सीबीबीओ राष्ट्रीय सम्मेलन




केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, श्री नरेंद्र सिंह तोमर 21 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली में 10,000 एफपीओ योजना के गठन और संवर्धन के तहत क्लस्टर आधारित व्यापार संगठनों (सीबीबीओ) के राष्ट्रीय सम्मेलन में।

## प्रधानमंत्री ने अमृतकाल में सिविल सेवा के लिए रखें तीन लक्ष्य

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रशासनिक अधिकारियों को आज़ादी के शताब्दीवर्ष के लिए आज तीन लक्ष्य दिये और कहा कि देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए जनसामान्य को नियमों एवं कानूनों के ऐसे बंधनों से मुक्त किया जाना चाहिए जिससे उनका सामर्थ्य एवं साहस बाधित होता है।

मोदी ने आज यहां सिविल सर्विस डे के मौके पर देश के प्रशासन में नवान्वेषण करने वाले अधिकारियों को प्रधानमंत्री लोक प्रशासन पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, जनशिकायत, पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल के लिए सभी जिलाधिकारियों को अपने कार्यालय में लक्ष्यों को लिख कर दीवार पर



लगाना चाहिए जिन्हें आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक हासिल करना है।

उन्होंने कहा कि हर देशवासी प्रशासिक अधिकारियों को आशा एवं आकांक्षा से देख रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जो प्रेरणा दी, संकल्प दिया और प्रेरित किया था, हमें आज फिर उसे दोहराना है।

मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमारे सामने तीन लक्ष्य होने चाहिए।

हमें सोचना चाहिए कि आखिर देश में यह पद, व्यवस्था, प्रतिष्ठा, ये तामझाम किस बात के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए कि पहला लक्ष्य सामान्य से सामान्य मानव के जीवन में बदलाव आये सुगमता आये और उसे अहसास भी हो

रोजमर्रा के जीवन में सरकार से सामान्य मानव के जो सरोकार हों, उसे पाने के लिए कोई समस्या नहीं आये। उसे अपने सपने को संकल्प और संकल्प को सिद्धि तक ले जाने का रास्ता स्वाभाविक एवं सुगम लगना चाहिए। इस काम में हमें उसका हाथ पकड़ कर चलने वाला साथी बनना चाहिए।

## पंजाब में 2 हजार किसानों के गिरफ्तारी वारंट

### खेती विकास बैंकों का कर्जा नहीं लौटाया; 60 हजार किसान डिफॉल्टर

चंडीगढ़। पंजाब में सरकार बदलते ही किसानों की धरपकड़ शुरू हो गई है। खेती विकास बैंकों का कर्जा न लौटाने वालों पर सीएम भगवंत मान की सरकार यह एक्शन कर रही है। इसके लिए राज्य में 2 हजार किसानों के गिरफ्तारी वारंट तैयार हो गए हैं। इनमें कुछ नए हैं जबकि कुछ पुराने वारंट भी रिन्यू किए गए हैं। सरकार को 71 हजार किसानों से 3200 करोड़ की वसूली करनी है। इसका पता चलते ही किसान संगठन भड़क उठे हैं। उन्होंने सरकार को विरोध की चेतावनी दे डाली है। हालांकि इस मुद्दे पर सरकारी



अफसरों ने चुप्पी साध रखी है।

#### फिरोजपुर में हो रही गिरफ्तारियां

खेती विकास बैंक फिरोजपुर ने बस्ती रामवाड़ा के किसान बख्शीश सिंह को पकड़ा। उस पर 11 लाख का कर्जा था। हालांकि बख्शीश सिंह ने लिखकर दिया कि एक महीने में कर्जा लौटा देगा।

जिसके बाद उसे गिरफ्तार नहीं किया गया। इसके अलावा खेती विकास बैंक जलालाबाद के किसान सोमनाथ को 12 लाख के कर्जे के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसने 6.27 लाख दे दिए तो छोड़ा गया।

#### 60 हजार किसान हुए डिफॉल्टर

पंजाब में 60 हजार किसान डिफॉल्टर हुए हैं। जिन पर 2300 करोड़ का कर्जा बकाया है। इनमें से ही फिलहाल सख्ती कर 1150 करोड़ वसूल करने की तैयारी है। पिछले सीजन में बैंक सिर्फ 200 करोड़ ही वसूल कर सके थे।

#### चुप नहीं बैठेंगे : मोर्चा

संयुक्त समाज मोर्चा नेता बलबीर राजेवाल ने कहा कि आप सरकार ने सहकारी बैंकों के कर्जे की वसूली के लिए सहकारी संस्थानों को धारा 67ए के तहत कर्मचारियों को यह छूट दी है। इस धारा को बरनाला सरकार के वक्त सस्पेंड कराया गया था। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ वह चुप नहीं बैठेंगे।

## झारखंड में कोयला खदान धंसी

### धनबाद में 45 मिनट चला रेस्क्यू ऑपरेशन, नहीं मिला कोई मजदूर; 50 से ज्यादा के फंसने की आशंका





चिरकुंडा, झारखंड। झारखंड के धनबाद में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के डुमरीजोड़ में BCCL की बंद माइंस में अवैध खनन के कारण खदान धंस गई। उसके ऊपर की लगभग 60 फीट कच्ची सड़क भी धंस गई। इसमें 50 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका थी, लेकिन देर शाम रेस्क्यू टीम ने ऑपरेशन कर लोगों के फंसने की आशंका को खारिज कर दिया।

रेस्क्यू सुपरिटेंडेंट आरएल मुखोपाध्याय ने बताया, 6 लोगों की टीम ने लगभग 45 मिनट तक रेस्क्यू अभियान चलाया। जिस इलाके में लोगों के फंसे होने की आशंका थी वहां के आसपास के इलाके को टीम ने पूरी तरह सर्च किया। कहीं कोई नहीं मिला। अब जो इलाका बचा है, उसमें सिर्फ पानी है। ऐसे में संभावना है कि खदान के अंदर कोई नहीं फंसा है। इसकी रिपोर्ट बड़े अफसरों को दे दी गई है, आगे का निर्णय वह करेंगे।

बता दें कि दोपहर में हादसे के बाद खबर आई थी कि खदान में 50 से ज्यादा लोग फंसे हैं। सभी लोग पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के रहने वाले हैं। इसके करीब 10 घंटे बाद प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था। रेस्क्यू के लिए 6-6 लोगों की दो टीमें बनाई गई थीं।

#### 6 साल से बंद है खदान

गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे अचानक 60 फीट सड़क धंस गई। लोगों का कहना है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, माइन में करीब 125 से अधिक लोग मौजूद थे। इसमें से कई लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। लोगों के मुताबिक, एक दिन में करीब 2 ट्रक अवैध कोयले का खनन किया जाता है। यह माइन पिछले छह साल से बंद है।

#### 60 फीट की सड़क धंस गई

जिस इलाके में यह घटना हुई है वहां 60 फीट कच्ची सड़क घंस गई। इसके बाद ही लोगों को खदान के धंसने की जानकारी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने सरकारी कर्मचारियों और बड़े अधिकारियों को घटना के संबंध में बताया।

गुरुवार शाम मौके पर पहुंचे धनबाद के डिप्टी कमिश्नर संदीप सिंह ने बताया कि शाम तक किसी तरह के जानमाल की क्षति की सूचना नहीं मिली। खदानों की तरफ जाने वाली कच्ची सड़क धंसी है। प्रशासन और क्ष्ष्टरु की टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। लोकल रेस्क्यू टीम भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गई थी।

#### जांच में जुटी पुलिस

घटना की खबर पाकर चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया, हर एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं पहले हुए अवैध खनन के चलते तो यह घटना नहीं घटी है।

## पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर चले लात-घूंसे

नई दिल्ली। तिरुवनंतपुरम से कासरगोड के बीच की दूरी कम करने के लिए केरल सरकार के सिल्वर लाइन प्रोजेक्ट को लेकर तिरुवनंतपुरम में गुरुवार को हंगामा हो गया। प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को रोकने पुलिस पहुंची तो कार्यकर्ता उन से भिड़ गए। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। रेलवे का सिल्वर लाइन प्रोजेक्ट केरल में लोगों के निशाने पर है। लोग बड़ी संख्या में इस प्रोजेक्ट के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। सिल्वर लाइन प्रोजेक्ट सीएम पिनराई विजयन की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस प्रोजेक्ट के तहत 529 किलोमीटर की लंबी सिल्वर लाइन बिछाई जाएगी। तिरुवनंतपुरम को उत्तरी केरल के कासरगोड से कनेक्ट किया जाएगा। इस रेलवे लाइन में 11 स्टेशन बनाए जाएंगे जो 11 जिलों से गुजरेंगे।

अगर यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो तिरुवनंतपुरम से कासरगोड के बीच की दूरी महज 4 घंटे में पूरी की जा सकेगी। अभी इस सफर में 12 घंटे लगते हैं। इस प्रोजेक्ट का कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट विरोध कर रहा है। केरल सरकार राज्य के दो छोरों को जोड़ने के लिए 64000 करोड़ रुपए की लागत से सिल्वर लाइन प्रोजेक्ट ला रही है। राज्य सरकार का कहना है कि जिले के शहरों में ट्रैफिक तेजी से बढ़ रहा है। अगर केरल के दक्षिण और उत्तर छोर को आपस में जोड़ दिया जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल जाएगी।

### दाऊद से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग केस

## नवाब मलिक के खिलाफ 5 हजार पेज की चार्जशीट दायर, बक्से में कॉपी लेकर अदालत पहुंचे अधिकारी

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता और महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ ईडी ने गुरुवार को 5 हजार पेज की चार्जशीट दायर की। यह मामला डॉन दाऊद इब्राहिम के परिवार से जमीन खरीदने से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष PMLA अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

#### बॉक्स में बंद थी चार्जशीट

ईडी के अधिकारी लोहे के बॉक्स में चार्जशीट की कॉपी लेकर अदालत पहुंचे।

उन्होंने एक-एक करके मलिक के खिलाफ लगे आरोपों को बताया।



मलिक को 23 फरवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था, फिलहाल वे मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं।

चार्जशीट में ईडी ने नवाब मलिक के अलावा सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मलिक इंफ्रास्ट्रक्चर और दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों और संबंधित व्यक्तियों के नाम दाखिल किए हैं। इस मामले में यह पहली चार्जशीट है।

#### दाउद की बहन से खरीदी थी जमीन

मलिक पर दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों- हसीना पारकर, सलीम पटेल और सरदार खान के साथ मिलकर मुंबई के कुर्ला में मुनीरा प्लंबर की पैतृक संपत्ति को हड़पने के लिए एक आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

इसके अलावा ईडी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में मलिक के खिलाफ जांच कर रही है।

### कोविड-19 | कुल संक्रमितों की तादाद चार करोड़ 30 लाख 49 हजार 974 हो गयी है

## फिर डराने लगा है कोरोना, दिल्ली में 694 सक्रिय मामले बढ़े

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नए मामलों में एक बार फिर तेज वृद्धि होने लगी है और पिछले 24 घंटों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में सक्रिय मामले 694 बढ़ गये हैं, जो चिंता का विषय है।

देश में बुधवार को 15 लाख 47 हजार 288 कोविड टीके लगाये गये। अब तक एक अरब 87 करोड़,07 लाख, 08 हजार 111 वैक्सीन डोज दिये जा चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24



घंटों के दौरान देश में संक्रमण के 2,380 नये मामले सामने आए। इसके साथ कुल संक्रमितों की तादाद चार करोड़ 30 लाख 49 हजार 974 हो गयी है। वहीं पांच लाख 22 हजार 62 लोग इस बीमारी से अपनी जान गंवा चुके हैं। इस दौरान देश में सक्रिय मामलों में 1093 की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद इनकी इनकी कुल संख्या 13,433 हो गयी है। इसी दौरान 1231 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसके साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर चार करोड़ 25 लाख 14 हजार 479 हो गयी है ।

देश में सक्रिय मामलों की दर 0.03 प्रतिशत और रिकवरी दर 98.76 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.21 पर स्थिर है।

पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक 694 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इसके बाद यहां कोरोना मरीजों की संख्या 2641 हो गयी है। इस दौरान 314 लोगों के स्वस्थ होने से ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या 1841890 हो गयी। इस अवधि में कोविड-19 से किसी मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों का आंकड़ा 26,161 पर बरकरार रहा।

वहीं हरियाणा में सक्रिय मामलों में 150 की वृद्धि हुई है। राज्य में इस समय 1275 सक्रिय मामले हैं। इस दौरान 160 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 975896 हो गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां कोविड-19 से किसी मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों का आंकड़ा 10,618 पर स्थिर रहा।

केरल में कोरोनावायरस के सक्रिय मामलों में 111 की वृद्ध होने से इनकी संख्या 2543 हो गयी है। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 191 बढ़कर 6466959 हो गयी, जबकि मृतकों की संख्या में 53 की बढ़ोतरी होने से यह आंकड़ा 68702 पर पहुंच गया है।

## शार्ट न्यूज

### महाराष्ट्रः मंत्री से पांच करोड़ की उगाही करना चाहती थी महिला, गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 40 साल की महिला को महाराष्ट्र के मंत्री से उगाही मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक महिला इंदौर की रहने वाली है और वह महाराष्ट्र के सामज कल्याण मंत्री धनंजय मुंडे को बदनाम करने की धमकी दे रही थी। महिला मुंडे की पूर्व लिव इन पार्टनर की बहन है। आरोप है कि वह मुंडे से पांच करोड़ रुपये मांग रही थी। पुलिस ने महिला के तीन मोबाइल फोन, 2.16 लाख रुपये कैश और लैपटॉप जब्त कर लिया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारी उसे लेकर मुंबई पहुंचे और मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। कोर्ट ने पुलिस को उसकी दो दिन की कस्टडी दी है। बीड जिले की परली विधानसभा सीट से विधायक मुंडे ने पुलिस के पास शइकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि वह 2004 से एक महिला के साथ रिलेशनशिप में थे। उनके दो बच्चे भी हैं। 2019 में उनके रिश्ते में खटास आई और दोनों अलग-अलग रहने लगे। 16 दिसंबर 2020 को कोर्ट ने एक आदेश भी पारित किया। मुंडे के मुताबिक कोर्ट ने कहा था कि उनकी पूर्व लिवइन पार्टनर उनके खिलाफ कोई स्टेटमेंट सोशल मीडिया पर नहीं दे सकतीं। इसके बाद महिला ने सोशल मीडिया पर बयान देना बंद कर दिया लेकिन उसकी बहन ने टिप्पणी शुरू कर दी।

### मुख्यमंत्री ने गुरु तेग़ बहादुर के प्रकाश पर्व पर लोगों को दी बधाई

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को सिखों के नौवें गुरू गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को बधाई दी। इस पवित्र मौके पर श्री मान ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाभा साहिब में नतमस्तक हुए, जहाँ श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का पवित्र शीश उनके अनन्य सेवक सिख बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता जी) लेकर आए थे, इस स्थान पर उनको श्री आनन्दपुर साहिब की ओर जाते समय गुरू साहिब के एक बुज़ुर्ग श्रद्धालु मुसलमान संत फ़कीर दरगाही शाह ने रुकने के लिए विनती की थी। इससे पहले अपने रिकार्ड किये वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने लोगों को 'हिंद की चादर' द्वारा दिए सर्वव्यापी भाईचारे, धार्मिक आज़ादी, सरबत के भले और मानवता की चढ़दीकला (भलाई) के शाश्वत संदेश पर चलने का आहवान किया। श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के जीवन और फलसफे पर प्रकाश डालते हुये श्री मान ने कहा कि बचपन से लेकर शहीदी प्राप्त करने तक मानवता और धार्मिक सहनशीलता की ख़ातिर गुरू जी का अतुल्य बलिदान दुनिया के लिये प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। लोगों को श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की शिक्षाओं पर सही मायनों में चलने की अपील करते हुये उन्होंने कहा कि गुरू जी के संदेश का सार प्यार, धर्म निरपेक्षता, धार्मिक आज़ादी और शांतमयी सह-अस्तित्व था जो आज के समय में ज्यादा प्रासंगिक है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कार नहर में गिरी, 2 शव मिले

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिले के मौजगढ़ हैड के नजदीक भाखड़ा नहर में बहती हुई कार मिली। डबवाली सदर पुलिस ने फिलहाल इत्तफाकिया मर्ग दर्ज की, बाकी आगे की जांच में पता चल पाएगा। डबवाली सदर थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर देवी लाल ने बताया कि आज सुबह भाखड़ा नहर के मौजगढ़ हैड के नजदीक किसान हीरा सिंह और इकबाल सिंह ने नहर में कार को बहता हुआ देखा, जिसकी जानकारी विभाग के चौकीदार को दी गई, जिसके बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने ट्रैक्टर के जरिए कार को नहर से बाहर निकाला तो कार से एक शव बरामद हुआ जिसकी पहचान जसविंद्र के नाम से हुई जो मटदादू का बताया जा रहा है। वहीं दूसरा शव नहर से निकाला गया जिसकी पहचान गोरीवाला के परमिंदर सिंह पुत्र राम लाल शर्मा के तौर पर हुई है। गाड़ी परमिंदर सिंह की है जो टैक्सी चलाने का काम करता था। मतदादु के जसविंदर का शव गाड़ी के चालक सीट पर मिला जिससे अंदाजा लगया जा रहा है कि वह गाड़ी चला रहा था। शंका जताई जा रही है कि देर रात को गाड़ी नहर में गिरी है। वही सोशल मीडिया पर जसविंदर सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह समूचे गांववासियों से अपने पूर्व में किये गुनाहों की माफी मांग रहा है वही हंसते-हंसते जिंदगी से चले जाने की बात कह रहा है, जिससे कयास लगाये जा रहे हैं कि कहीं न कहीं यह गाड़ी खुदकुशी के लिए भी नहर में गिराई गई जा सकती है। पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। सदर डबवाली पुलिस ने मृत टैक्सी चालक परमिंदर के पिता राम लाल का बयान दर्ज कर फिलहाल इत्तफाकिया मर्ग दर्ज कर ली है। पुलिस ने दोनों शवों का डबवाली के राजकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिए हैं।

### खराब राशन वितरण मामले में सुपरवाइजर निलंबित

चंडीगढ़। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कैथल जिला के पाडला सर्कल के आंगनवाड़ी केंद्र पर खराब राशन वितरण मामले में कड़ी कार्रवाई के आदेश के बाद विभाग की सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है। विभाग की ओर से जिला परियोजना अधिकारी, कैथल व महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गुहला (अतिरिक्त प्रभार, कैथल ग्रामीण) को सेवा नियम 8 के तहत चार्जशीट करते हुए उनकी भूमिका की जांच की जाएगी। ज्ञातव्य है कि गत 12 अप्रैल को कैथल जिला के पाडला सर्कल के एक आंगनवाडी केंद्र पर खराब राशन वितरण किए जाने का मामला सामने आया था। इस पर श्रीमती ढांडा ने संज्ञान लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं महानिदेशक को पूरे मामले की तीन कार्यदिवस में जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करवाई गई प्राथमिक जांच के बाद बुधवार शाम पाडला सर्कल की सुपरवाइजर कुसुम को सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंशन पीरियड के दौरान उन्हें पंचकुला मुख्यालय तैनाती दी गई है। विभाग ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, कैथल तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गुहला (तत्कालीन अतिरिक्त प्रभार, कैथल ग्रामीण) को सेवा नियम 8 के तहत चार्जशीट किया है और जांच समिति बनाकर उनकी भूमिका की जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। ढांडा ने दोहराया है कि नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं के पोषण स्तर को बेहतर करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में जिम्मेवारी का निर्वहन करें अधिकारी : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों से जनहित में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आज आह्वान किया। कुमार ने गुरुवार को यहां सिविल सेवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं और नीतियों के कार्यान्वयन में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के बिना वांछित परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के प्रावधान के अनुसार, नीतियां बनाने और क्रियान्वित करने की शक्ति और दायित्व अधिकारियों के पास है। अधिकारी लोगों से बहुत सम्मान तभी प्राप्त कर सकते हैं जब वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार भूमि का हवाई सर्वेक्षण करने वाला पहला राज्य है। सर्वेक्षण और सेटलमेंट से भूमि विवादों को कम करने में काफी मदद मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि 60 प्रतिशत हिंसा और अपराध भूमि विवाद से जुड़े हैं। भूमि विवादों के समाधान से अपराध पर लगाम लगाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 20 जिलों में सर्वेक्षण और बंदोबस्त कर लिया गया है जबकि अन्य 18 जिलों में इस कार्य को संपन्न किया जाना शेष है। उन्होंने बताया कि उनके दौरे के दौरान लोगों ने उनसे सर्वेक्षण और बंदोबस्त में हुई अनियमितताओं की शिकायत की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में चल रहे सर्वेक्षण और सेटलमेंट कार्यों की जांच के लिए औचक निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित जिलाधिकारियों के औचक दौरे से सर्वेक्षण और बंदोबस्त का काम सही तरीके से करने में काफी मदद मिलेगी।

## जम्मू कश्मीर : पूर्व उपराज्यपाल सत्यपाल के आरोपों पर सीबीआई ने दर्ज किए दो केस, 14 स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने जम्मू कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक के भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के सिलसिले में गुरुवार को दो केस दर्ज की है। यह केस कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल योजना और कुरु जलविद्युत परियोजना के काम के लिए अनुबंध देने में भ्रष्टाचार के संबंध दर्ज हुई है। पूर्व उप राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने इनमें भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।




केस दर्ज करने के बाद सीबीआई ने जम्मू, श्रीनगर, दिल्ली, मुंबई, नोएडा, केरल में त्रिवेंद्रम और बिहार में दरभंगा में 14 स्थानों पर आरोपियों के परिसर पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने जम्मू कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का अनुबंध रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को देने और 2017-18 में तकरीबन 60 करोड़ रुपए जारी करने में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है।

दूसरी प्राथमिकी कुरु हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के सिविल कार्य के 2,200 करोड़ रुपए का ठेका 2019 में एक निजी कंपनी को देने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। गौरतलब है कि मलिक ने दावा किया था कि उन्हें परियोजनाओं से संबंधित दो फाइलें पास करने के लिए 300 करोड़ रुपए की घूस की पेशकश की गई थी। मलिक ने कहा था कि कश्मीर जाने के बाद मेरे पास मंजूरी के लिए दो फाइलें आयी, जिसमें से एक फाइल अंबानी और दूसरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक से संबंद्ध एक व्यक्ति की थी, जो पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती नीत (पीडीपी-भाजपा गठबंधन) सरकार में मंत्री था और प्रधानमंत्री का बेहद करीबी होने का दावा करता है।

मलिक ने पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था, मुझे दोनों विभागों के सचिवों ने सूचित किया कि इसमें घोटाला है और फिर मैंने दोनों सौदे रद्द कर दिए। सचिवों ने मुझे कहा कि आपको फाइलों को मंजूरी देने के लिए प्रत्येक फाइल पर 150 करोड़ रुपए मिलेंगे लेकिन मैंने उन्हें कहा कि मैं पांच कुर्ता-पैजामे के साथ आया हूं और उन्हीं के साथ जाऊंगा।

## महिलाओं को साल में तीन मुफ्त गैस सिलेण्डर देने का प्रस्ताव तैयार : आर्य

देहरादून। उत्तराखंड की खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों की मंत्री रेखा आर्य ने गुरूवार को कहा कि राज्य की महिलाओं को साल में तीन गैस सिलेण्डर मुफ्त दिये जाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। आर्य ने कहा कि आगामी मंत्रिमंडल की बैठक में यह प्रस्ताव रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि राशनकार्ड धारकों को फोर्टीफाइड नमक उपलब्ध कराये जाने हेतु भी आज ही प्रस्ताव बनाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। आर्या ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विभागीय ढांचे, कृषकों के मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहू, धान की खरीद, आवश्यक वस्तुओं के वितरण, निरीक्षण, बाँट माप तोल के उपकरणों का मानकीकरण एवं प्रवर्तन, राज्य में आवश्यक वस्तुओं के मुल्य नियंत्रण पर निगरानी से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री ने राशनकार्ड धारकों, राशन विक्रेताओं की समस्याओं के निराकरण तथा ग्रामीण महिलाओं को गैस की उपलब्धता शीघ्र कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए प्रभावी जन कल्याणकारी योजना बनाये जाने के निर्देश दिये। जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सरकारी की योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

बैठक में सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, भूपाल सिंह मनराल, अपर आयुक्त पी.एस. पांगती, संयुक्त आयुक्त तथा मुख्य विपणन अधिकारी डॉ? महेन्द्र सिंह बिसेन तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओडिशा में 196 पुलिस अधिकारियों की नयी नियुक्ति को मंजूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए 28 स्थायी पुलिस चौकियों के लिए 196 पदों पर मुहर लगाई।

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि इसमें 28 उप निरीक्षक और 168 कांस्टेबल शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रदेशभर में 28 पुलिस चौकियों में नये पुलिस अधिकारी एवं कांस्टेबल की नियुक्ति की जायेगी। प्रत्येक चौकी पर एक उप निरीक्षक और छह कांस्टेबल नियुक्ति किए जाएंगे।

पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने से लेकर अपने कार्यक्षेत्र में विभिन्न अपराधों की जांच तक की कई तरह की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

## पुलिस वालों का हत्यारा लश्कर कमांडर युसुफ कांट्रो ढेर

### सुरक्षाबलों की हिटलिस्ट में था खतरनाक आतंकी

एजेंसी

श्रीनगर। लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर युसुफ डार आका कांत्रू को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया। युसुफ कांत्रू को पुलिस का हत्यारा भी कहा जाता था। बुधवार की सुबह सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आतंकियों के खिलाफ



ऑपरेशन चलाया। घाटी में कई हत्याओं के मामले में कांत्रू सुरक्षाबलों की हिटलिस्ट में शामिल था। सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान अब भी जारी है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि कांट्रो हिट लिस्ट में शामिल था। उसने हाल ही में बडगाम जिले में एसपीओ और उसके छोटे भाई की हत्या कर दी थी। इसके अलावा उसपर एक नागरिक और सुरक्षाबल के जवानों की भी हत्या का आरोप है। अधिकारियों के मुताबिक बडगाम पुलिस को लश्कर कमांडर के छिपे होने की सूचना मिली थी।

इसके बाद बारामूला की सीमा से लगे गांव में अभियान चलाया गया। रात में रुक-रुककर गोलीबारी जारी रही। इस मुठभेड़ में तीन सैनिक और एक नागरिक घायल हो गया।

## हुबली पथराव प्रकरण: कर्नाटक पुलिस ने गिरफ्तार किए 126 संदिग्ध

### सीएम बोम्मई बोले- नहीं बख्शे जाएंगे दंगाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हुबली में पथराव की घटना को लेकर कर्नाटक पुलिस ने कुल 126 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों पर दंगा भड़काने की कोशिश करने और पथराव करने का आरोप लगाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, करीब 1,000 लोगों की भीड़ ने 16 अप्रैल की आधी रात को हुबली में पुलिस स्टेशन पर हमला करने की कोशिश की।



दंगाइयों ने पुलिस स्टेशन पर पथराव किया और इस घटना में 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस घटना को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि घटना पूर्व नियोजित हो सकती है और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि सबूतों और वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार घटना के पीछे के लोगों की तलाश कर रही है और सभी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं, कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने कहा, %हमारे नेताओं ने शांति बनाए रखने की कोशिश की है। कुछ बदमाशों ने कानून हाथ में ले लिया था। हमारे जिलाध्यक्ष ने रोकने की कोशिश की।

लेकिन उस घटना में कोई कांग्रेसी शामिल नहीं था। ट्वीट पोस्ट के लिए उकसाने वाली बात बीजेपी की ओर से है। इसकी जांच कराई जाए। वे हमें दोष नहीं दे सकते।

## लातेहार : उग्रवादी संगठन जेजेएमपी सुप्रीमो के भाई समेत दो गिरफ्तार

लातेहार। झारखंड में लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत से जिला पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के भाई जुलेश्वर लोहरा और रविन्द्र लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने गुरूवार को यहां बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के भाई सह तरवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया जुलेश्वर लोहरा अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतार कर लोगों से इस पंचायत से दूसरे प्रत्याशी का नामांकन नहीं करने का दबाव बना रहा है। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर सदर थाना क्षेत्र के कोने स्थित इनके घर से जुलेश्वर लोहरा एवं रविन्द्र लोहरा को गिरफ्तार कर लिया गया। गुप्ता ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से हथियार बरामद किया गया है।

## रूद्रपुर में साथी बदमाश को छुड़ाने आये दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

नैनीताल/रूद्रपुर। उत्तराखंड में पुलिस ने रूद्रपुर में हत्या आरोपी बदमाश को अदालत परिसर में अभिरक्षा से छुडाने आये दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

कुमाऊं के पुलिस उपमहानिरीक्षक डा0 नीलेश आनंद भरणे व उधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीएस मंजूनाथ ने गुरूवार को मामले का खुलासा करते बताया कि किच्छा के चर्चित ट्रांसपोर्टर समीर की तीन साल पहले हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में उत्तर प्रदेश में बरेली के रहने वाले अंग्रेज सिंह उर्फ रिंकू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार को रूद्रपुर में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की अदालत में आरोपी की पेशी थी।

आरोपी लंबे समय से जेल में बंद है। इसलिये उसके साथी बदमाशों ने उसे हथियारों के बल पर पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाकर ले जाने की योजना बनायी। पुलिस इस मामले में पहले से सतर्क थी। पुलिस को इस पूरे प्रकरण की भनक लग गयी। पुलिस अधीक्षक (अपराध) ममता बोहरा की अगुवाई में एसओजी व पुलिस के तेजतर्रार अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने अपराधियों को घटना को अंजाम देने से पहले अदालत परिसर में ही घेरने की योजना बनायी।

सादी वर्दी में पुलिस अधिकारी तैनात किया गया और अदालत की सुरक्षा बढ़ा दी गयी। घटनाक्रम के मुताबिक तय समय पर दो बदमाश एक सफेद बलेनो कार से अदालत परिसर में घुसे। उनके पास हथियार थे। पुलिस ने बिना देर लगाये दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार बदमाशों की पहचान रिंकु कुमार और उदय वीरेन्द्र सिंह उर्फ उदयवीर सिंह के रूप में हुई। आरोपियों के पास से पुलिस को स्वदेशी पिस्तौल और तंमचा के साथ कुछ कारतूस भी बरामद हुए।

## मुख्यमंत्री धामी के उपचुनाव को लेकर तस्वीर हुई साफ, चंपावत के लिये की कई घोषणायें

**नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत विधानसभा से उपचुनाव लड़ेंगे। आज उनके चुनाव लड़ने को लेकर तस्वीर साफ हो गयी है। उन्होंने गुरूवार को चंपावत से चुनाव लड़ने की बात को स्वीकार करते हुए इसे अपना सौभाग्य बताया। श्री धामी आज चंपावत के दौरे पर आये थे। चंपावत जनपद का उनका यह दूसरा दौरा था। पहले से ही उनकी चंपावत से चुनाव लड़ने की अटकलें लगायी जा रही थीं। आज चंपावत के विधायक कैलाश गहतोड़ी ने मुख्यमंत्री धामी के लिये सीट खाली की और अपने पद से देहरादून में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी को इस्तीफा सौंपा। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी को लेकर चंपावत के मंच ग्राम पहुंचे और उन्होंने सबसे पहले गुरू गोरखनाथ मंदिर में दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने कई



किमी तक की चढ़ाई की। उन्होंने यहां एक जनसभा को भी संबोधित किया और चंपावत के विकास के लिये कई घोषणायें कीं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चंपावत से उपचुनाव लड़ने को अपना सौभाग्य बताया और निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी का आभार व्यक्त किया और देश की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू की जायेगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊं के सत्रह धामों के लिये एक खास कोरिडोर का विकास किया जायेगा, जिसमें गोरखधाम भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि भगवान गोल्ज्यू के तीनों प्रमुख धामों चंपावत, अल्मोड़ा व नैनीताल के घोड़ाखान को मिलाकर एक खास कोरिडोर बनाया जायेगा। साथ ही कहा कि चंपावत को पर्यटन के लिहाज से विकास के मानचित्र पर उभारा जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चंपावत के विकास के लिये चंपावत में एआरटीओ कार्यालय, बनबसा में मिनी स्टेडियम, अमोड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंच में उप तहसील, टनकपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज को आईआईटी में बनाने व मां पूर्णागिरी व देवीधुरा मंदिर क्षेत्र का विकास करने, चंपावत में चाय बागान से हिंगला देवी तक रोपवे बनाने की घोषणाा भी की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ककराली गेट-ठुलीगाड़-भराव मंदिर मोटर मार्ग, सुखीढांग-डाडा मीनार-रीठा साहिब मार्ग व सुखीढांग-श्यामला ताल मोटर मार्ग को राज्य मार्ग में परिवर्तित करने की घोषणा भी की।

निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी ने भी मुख्यमंत्री के चंपावत से चुनाव लड़ने के फैसले पर खुशी जताई और इसे जनपद के लिये एक उपहार बताया।

## नवजोत सिद्धू पंजाब के अहम मुद्दों को लेकर राज्यपाल से मिले

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू ने कुछ कांग्रेसी नेताओं के साथ गुरूवार को राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात कर कानून व्यवस्था सहित प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने राज्यपाल भवन से बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यपाल ने उनकी बातों को सुना हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव में लोगों को मूर्ख बनाकर सत्ता में आयी आम आदमी पार्टी की सरकार बदले की राजनीति पर उतर आयी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान रबड़ का गुड्डा बने हुये हैं। अब हाल वो हो गया है कि गेम कोई खेलता और नाचता कोई। एसवाईएल नहर का पानी हरियाणा के अंतिम खेत तक पहुंचाने की गारंटी आप पार्टी के सांसद सुशील गुप्ता ने यूं ही नहीं दी।

उन्होंने कहा कि पंजाब के पास किसी को देने को अतिरिक्त पानी नहीं है। ऐसे में पंजाब का एक बूंद पानी कोई



नहीं ले सकता। इसके लिये सबसे पहले कुर्बानी देनी पड़ी तो सिद्धू देगा। हम मुद्दों की पहरेदारी के लिये दिल्ली तक जायेंगे।

श्री सिद्धू ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब को वित्तीय संकट से उबारने की गारंटी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल दे रहे थे लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हो सका है। यह कोई चुनाव अभियान नहीं है, आय का प्रबंध पहले करना चाहिये था। अब दिल्ली तक फरियाद जायेगी आवाज जायेगी क्योंकि यह सरकार बदलाखोरी पर उतर आयी है। झूठ बोलकर सच को दबाया नहीं जा सकता। यह सरकार अब भय दिखाकर लोगों को चुप कराने की कोशिश कर रही है। सच को खत्म नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की हालत बदतर हो गयी है। जब से यह सरकार आयी है तब से तीस-चालीस मौतें हो चुकी हैं। लोगों में असुरक्षा की भावना पनप रही है। जानमाल की कोई सुरक्षा नहीं। पंजाब के हितों से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा।

कवि कुमार विश्वास तथा कांग्रेस नेता अलका लांबा के घर पंजाब पुलिस के पहुंचने पर श्री सिद्धू ने कहा कि जब ये दोनों यहां आयेंगे तो हम उनके साथ थाने जायेंगे।

हम पंजाब पुलिस का राजनीतिकरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिल्ली में बैठे एक व्यक्ति की शह पर पुलिस का दुरूपयोग किया जा रहा है जो बर्दाश्त के काबिल नहीं।

## क्षेत्र में कहीं बारिश तो कहीं अंधड़ ने बढाई किसानों की परेशानी

चंडीगढ़। पश्चिमोत्तर क्षेत्र में पिछले चौबीस घंटों में कहीं कहीं तेज हवा तथा गरज के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी। मौसम केन्द्र के अनुसार क्षेत्र में अगले चौबीस घंटों में कहीं कहीं तेज हवा, गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। उसके बाद मौसम अगले कुछ दिन खुश्क रहने और लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। कल पंजाब तथा हरियाणा में कहीं कहीं बूंदाबांदी हुई जिससे किसानों के चेहरे मुरझा गये।

पश्चिमी क्षोभ की सक्रियता के चलते वीरवार को मौसम के बिगड़े तेवरों किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया। आकाश में बादलों के साथ धूल का गुबार दिखाई दिया। हवा की गति तेज होने के कारण धूल भी उड़ती रही। जिसके चलते चलते गेहूं कटाई तथा कढ़ाई का कार्य प्रभावित हो गया है। आकाश में छाए बादलों से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तथा न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आर्द्रता 16 प्रतिशत व हवा की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में धूल के साथ बादलों के दिखाई देने से साथ धूलभरी हवा भी चली। गेहूं कटाई की तेज रफ्तार कुछ मंद पड़ गयी। गेहूं मंडियों में अनाज भीग गया। मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। किसानों को मौसम के बिगड़े तेवर से भय सताता रहा कि कहीं बिगड़े हुए तेवर उनकी खून-पसीने की मेहनत को बर्बाद न कर दे। मौसम के तेवरों को देखते हुए किसानों ने कटाई तथा कढ़ाई के कार्य को रोक दिया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। तापमान 41 डिग्री तक जा पहुंचा था। वीरवार को आकाश में बाद छाने के चलते अधिकतम तापमान चार डिग्री तक लुढक कर 37 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान तीन डिग्री लुढक कर 25 डिग्री पर आ गया।

## शार्ट न्यूज

### पानी को सियासत का टूलकिट न बनाएं गहलोत जी : शेखावत

आनंद राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जल जीवन मिशन की समय सीमा बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र पर पलटवार किया है। शेखावत ने कहा कि गहलोत जी अचानक आपको जल जीवन मिशन के समय पर क्रियान्वयन की याद आ रही है। आपको समय पर केंद्र से आर्थिक समेत सभी संभव सहायता प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पानी को सियासत का टूलकिट न बनाएं। सिलसिलेवार ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर अपनी सुस्ती केंद्र पर थोपने के बजाय आप मुझसे चर्चा कर लेते। मैं भी राजस्थान से हूं, आपके बराबर ही मुझे मरुभूमि की स्थिति-परिस्थिति का पता है। शेखावत ने पूछा कि लॉकडाउन क्या आपके लिए ही था? अधिकतर राज्यों में मिशन की गति अपेक्षित है, राजस्थान में ही लेटलतीफी क्यों? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के भोले-भाले लोग पानी पर सवाल पूछते हैं। उन्हें बताएं कि जल राज्य का विषय है और राजस्थान में जल वितरण आपकी जिम्मेदारी है। शेखावत ने कहा कि आप इच्छाशक्ति तो दिखाइए मिशन समय पर ही पूरा होगा।

### सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर नि:शुल्क लगवा सकेंगे बूस्टर डोज

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर भी लोग प्रिकोशन (बूस्टर) डोज लगवा सकेंगे। इस संबंध में परिवार कल्याण निदेशालय दिल्ली की ओर से गुरुवार को कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार सरकारी केंद्रों पर 18 से लेकर 59 वर्ष की उम्र वालों के लिए भी नि:शुल्क बूस्टर डोज लगवाने की सुविधा शुरू कर दी गई है। बूस्टर डोज के लिए दूसरी डोज लगने के बाद से नौ महीने की अवधि का पूरा होना अनिवार्य है। बूस्टर डोज के लिए कोविन पोर्टल पर समय लेकर और मौके पर जाकर भी टीकाकरण करवा सकेंगे। कोविन डैशबोर्ड से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में अभी तक कुल 3,30,68,208 वैक्सीन की डोज लगा दी गई है। इसमें पहली डोज 1,79,09,214 दूसरी डोज 1,45,46,111 और बूस्टर डोज लगवाने वालों की संख्या 6,12,883 है। दिल्ली में बीते दिनों से कोरोना के मामले बढ़े है तो ऐसे में लोग नि:शुल्क बूस्टर डोज लगने की शुरुआत का इंतजार भी कर रहे थे। बता दें कि दिल्ली में निजी केंद्रों पर बूस्टर डोज की सुविधा 10 अप्रैल से ही शुरु हो गई थी।

### गेमिंग ऐप से 10 हजार लोगों से करोड़ों की ठगी, गाजियाबाद में बड़े गिरोह का पर्दाफाश

गाजियाबाद। साइबर सेल और इंदिरापुरम पुलिस ने गुरुवार को मोबाइल गेम ऐप के जरिये दस हजार लोगों से करीब 50 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के पांच नेपाली समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 100 एटीएम कार्ड, 37 मोबाइल, पांच लैपटाप, 13 चैकबुक, दो पासबुक, चार लाख रुपये, एक कार, एक स्कूटी आदि सामान भी बरामद किया है। साइबर सेल के क्षेत्राधिकारी ने बताया कि साइबर सेल व इंदिरापुरम पुलिस ने बुधवार को लिंक भेजकर ऑनलाइन गेम के जरिए पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 8 ठगों को इंदिरापुरम के शक्तिखंड तीन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नीरज कुमार सिंह, अवधेश कुमार, हरिदेव सहाय, सुशांत सहाय, तारा कान्त, दीपेन्द्र शर्मा, प्रदीप कुमार, केलाश कुमार से पुलिस ने पूछताछ की तो इन्होंने ठगी का तरीका बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह गिरोह बनाकर अपने अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर ठगी करते हैं। यह वर्ष 2020 से इंदिरापुरम में काल सेंटर चलाते थे, जिसके जरिए ठगी कर लोगों को चुना लगाते आ रहे हैं।

# जहांगीरपुरी में दंगा पीड़ित लोगों से मिला कांग्रेस का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

## दिल्ली कांग्रेस जहांगीर पुरी दंगों के बाद बुलडोजर की कार्यवाही से प्रभावित पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग करती है : चौ0 अनिल कुमार

विवेक राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी का सद्भावना संदेश लेकर जहांगीर पुरी में दंगा पीड़ित लोगों से मिलकर सभी वर्गों के लोगों के दुख दर्द को बांटा। प्रतिनिधिमंडल के समक्ष पीड़ित लोगों ने बताया कि हमारा आपस में कोई वैरभाव नही है, हम दंगा नही चाहते, जो भी हुआ बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था, इसमें बेगुनाह और गरीबों का नुकसान हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के अलावा कांग्रेस महासचिव श्री अजय माकन, अ0भा0क0कमेटी के दिल्ली प्रभारी श्री शक्तिसिन्ह गोहिल, अ0भा0 महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूजा, अ0भा0क0कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़िया, अ0भा0क0कमेटी एससी सेल के चैयरमेन श्री राजेश लिलौठिया, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री श्री हारुन यूसूफ, पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, राज्यसभा सांसद कु0 जेबी माथर, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री जय किशन, श्री अभिषेक दत्त, श्री मुदित अग्रवाल और श्री अली मेंहदी, कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन एवं पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक श्री हरी शंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष विशाल मान और प्रवक्ता डा0 नरेश कुमार शामिल थे।

चौ0 अनिल कुमार ने निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या उत्तरी दिल्ली नगर निगम कार्यालय अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के निर्देश पर चल रहा है क्योंकि भाजपा के इशारे पर की गई तोड़फोड़ से जिन गरीब रेहड़ी पटरी वाले वेंडरों को भारी नुकसान हुआ है, वे किसी धर्म या वर्ग में बटे हुए लोग नही हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस जहांगीर पुरी दंगों के पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि अगर स्ट्रीट वेंडर एक्ट -2014 रेहडी पटरी वालों को सुरक्षित करने के लिए बनाया है तो प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही पूरी तरह अवैध है जिसे जल्दबाजी में बिना कोई नोटिस दिए अंजाम दिया गया।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा जहांगीर पुरी दंगों के बाद भाजपा के इशारे पर निगम द्वारा चलाए गऐ बुलडोजर की गैर कानूनी कार्यवाही पर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल चुप्पी साधे है। अरविन्द केजरीवाल द्वारा मौन रहना यह साबित करता है उन्होंने गरीबों के प्रति कोई संवेदना नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो गरीब विरोधी है, जहांगीर पुरी दंगो और उसके बाद बुलडोजर चलाने के बाद यह साबित हो गया है।

कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री अजय माकन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की निगम प्रशासन में दखल अंदाजी का खामियाजा गरीब रेहड़ी पटरी वाले भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि गरीब रेहड़ी पटरीवालों की अजीविका को सुरक्षित रखने के लिए The Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act-2014 बनाया गया था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुलडोजर को रोकने के आदेश के बावजूद तोड़फोड़ जारी रखना गरीब लोगों प्रहार है। उन्हांने कहा कि बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना बुलडोजर चलाना पूरी तरह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि इसे धर्म की आड़ में नही देखना चाहिए क्योंकि कार्यवाही में गरीब रेहड़ी पटरीवालों का भारी नुकसान हुआ है। श्री शक्तिसिन्ह गोहिल ने कहा कि जहांगीर पुरी के दंगों में भाजपा की चिन्हित लोगों को निशाना बनाया है परंतु 1991 में बनी Religious Committee-Delhi Govt. जिस तरह काम करती है उसके अनुसार किसी भी तरह के धार्मिक स्थानों (मंदिर, मस्जिद आदि) के दायरे में किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटाने पर कार्यवाही अथवा छेड़छाड़ बिना Religious Committee की मंजूरी लिए नही की जा सकती, भाजपा के इशारे पर चलाया गया बुलडोजर पूरी तरह गैर कानूनी है। कानूनन अतिक्रमण हटाने के लिए जो नोटिस दिया जाना था वह भी नही दिया गया और भाजपा के राज में शासन प्रशासन विधि विधान से न चलकर बुलडोजर से चलाया जा रहा है जो लोकतंत्र के लिए अभिशाप साबित होगा।

# सत्य, अहिंसा, न्याय को रौंदने का भाजपाई षड्यंत्र कामयाब नहीं होगा : श्रीनिवास बी वी

## देश भर में भाजपा सरकार द्वारा नफरती बुलडोजर की करवाई के विरुद्ध भारतीय युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने आज देश भर में भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के नशे में नफरती बुलडोजर की करवाई के विरुद्ध विरोध किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि भाजपा अपनी कुर्सी की रक्षा के लिए देश को नफरत और हिंसा में धकेल रही है। देश भर में भाजपाई बुलडोजरतंत्र लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश कर रहा है, गांधीजी को कुचलने की कोशिश कर रहा है। मगर भाजपाई हुकूमत न लोकतंत्र को कुचल पाएगी, न गांधीजी को। सत्य, अहिंसा, न्याय को रौंदने का भाजपाई षड्यंत्र कामयाब नहीं होगा।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि आज देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, देश में सुरक्षा और विश्वास के नाम पर असुरक्षा और अविश्वास को जन्म दिया जा रहा है। सत्ताधारी दल देश में नफरत का माहौल पैदा कर रहा है। नफरत का बुलडोजर मेरा भारत महान के बोर्ड पर तो चल सकता है, लेकिन विचारधारा पर नहीं, भारत महान था.. है.. और रहेगा... इसे खत्म करने की न कोई साजिश कभी सफल हुई है, न होगी। हम सभी को मिलकर इस भाजपाई नफरत के खिलाफ आवाज बुलंद करनी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब के आशियाने पर बुलडोजर चलाने वाले लोग, भारत भूमि पर बने अवैध चीनी आशियाने पर चुप्पी साध लेते हैं। बेशर्मी और अन्याय के जिस मॉडल पर भाजपा सरकार काम कर रही है, उसकी कीमत देश और देशवासियों को ही चुकानी पड़ रही है। नफरत के बुलडोजर पर सवार होकर भाजपाई हुकूमत पूरी तरह बौखला गई है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ये लोग निम्न स्तर पर उतर आए हैं। इसलिए जरूरी है कि इस नफ़रत के खिलाफ आवाज़ उठाई जाए। बुलडोजर से सिर्फ मकान ध्वस्त नहीं हो रहे, हमारा संविधान ध्वस्त हो रहा है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने कहा कि देश में महंगाई पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए, बेरोजगारी पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए, पर उन सबको छोड़ बुलडोजर सत्ताधारी दल द्वारा इंसानियत व भाईचारे पर और भाई को भाई से लड़वाने के लिए चलाया जा रहा है, भाजपा सरकार अभिमान में चूर है, और इसके खिलाफ हम भरपूर विरोध करते रहेंगे।

प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अमरप्रीत लाली, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव, राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मनीष चौधरी, सौमैया तबरेज, कृष्णा दास, हरसिमरन बाजवा, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### हाई कोर्ट का दिल्ली सरकार को आदेश, ट्रांसजेंडर के लिए सार्वजनिक स्थानों पर बनवाएं अलग शौचालय




नई दिल्ली। हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को राजधानी में नए बनने वाले सार्वजनिक स्थानों पर ट्रांसजेंडरों के लिए अलग शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश उस जनहित याचिका पर दिया है, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के के तहत 15 अक्तूबर, 2017 को दिशा-निर्देशों के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए अगल शौचालय का प्रबंध करने का प्रावधान है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अलग शौचालय बनाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए हैं। पीठ ने सरकार को यह भी बताने के लिए कहा है कि राजधानी में अब तक ट्रांसजेंडरों के लिए बनाए गए शौचालयों की संख्या का खुलासा भी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को यह भी बताने के लिए कहा है कि नए बनाए जा रहे सार्वजनिक स्थानों पर ट्रांसजेंडरों के लिए अलग शौचालय का निर्माण किया जा रहा है या नहीं। पीठ ने कहा है कि यदि नहीं बनाया जा रहा है तो इसके उचित कारणों के बारे में बताने को कहा है। उच्च कोर्ट ने जसमीन कौर छाबरा की ओर से अधिवक्ता रूपिंदर पाल सिंह द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर यह आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि लिंग (जेंडर) से पड़े हटकर प्रत्एक व्यक्ति का अलग सार्वजनिक शौचलाय का इस्तेमाल सहित बुनियादी मानवाधिकार है। याचिका में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति को यह सुविधा नहीं देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेंडर के लिए अलग शौचालय के निर्माण के लिए 21 फरवरी, 2021 को नोटिस जारी किया। साथ ही कहा कि जब तक अलग शौचालय नहीं बन जाता है तब तक ट्रांसजेंडर व्यक्ति दिव्यांगों के लिए बने शौचालय का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई 29 जुलाई तय करते हुए सरकार को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

# आदेश गुप्ता अब दक्षिणी एवं पूर्वी दिल्ली नगर निगम को भी अतिक्रमण हटाने के लिए लिखेंगे पत्र

## दंगाईयों को संरक्षण देने वाले विपक्ष के अरमानों पर चलाया गया है बुल्डोजर : आदेश गुप्ता

गौरवशाली भारत संवाददाता



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बाद अब दक्षिणी एवं पूर्वी दिल्ली नगर निगम को भी क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने के लिए दोनों महापौरों को पत्र लिखेंगे, क्योंकि दिल्ली के अंदर रोहिग्या-बांग्लादेशियों की कोई जगह नहीं है। आज नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि रोहिंग्या-मुसलमानों को पनाह देने वाली आम आदमी पार्टी, कांग्रेस एवं वामपंथियों सहित अन्य विपक्षी पार्टियां सक्रिय हो गई हैं जिनका असली चेहरा सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरा देश देख रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल एवं प्रदेश रिलेशन विभाग के प्रभारी श्री हरीश खुराना भी उपस्थित थे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुई घटना के बाद दगाईयों को, उनके गैर कानूनी धंधे एवं अतिक्रमण को बचाने के लिए वही गैंग पूरी तरह से सक्रिय हो गया है जिन्होंने 60 सालों तक देश के अंदर जाति-धर्म पर आधारित राजनीति को अपना आश्रय बनाकर शासन किया है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशियों-रोहिंग्या पर बुल्डोजर चलने पर जो वकील उच्चतम न्यायालय चले गए, ये वही हैं जिन्होंने राम मंदिर बनने का विरोध किया था एवं श्री राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए थे। राम मंदिर बनने का विरोध करने वाला वही संगठन है जो दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी को समर्थन करती है। दंगाईयों के ऊपर कार्रवाई करने से बौखलाए विपक्ष का गठबंधन साफ नज़र आ रहा है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि पूरे देश को पता चल गया है कि रोहिंग्या बांग्लादेशियों का सरगना कौन है। पहले कांग्रेस ने इन्हें बसाया और आम आदमी पार्टी इन्हें मुफ्त बिजली, पानी एवं राशन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पैसे और अन्य सहायता दे रही है। यही नहीं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करवाना, स्कूल, पार्क इत्यादी के जमीनों पर भी इन्हें बसाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर जहां-जहां आम आदमी पार्टी के विधायक एवं पार्षद हैं वहां पर रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को पोशित कर अपने वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। आज जब दिल्ली के अंदर बुल्डोजर चल रहा है तो वह किसी जाति-धर्म के आधार पर नहीं बल्कि अतिक्रमण को गिराने के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन दंगाईयों के साथ खड़े पूरे विपक्ष की बौखलाहट बता रही है कि बुल्डोजर इनके अरमानों के ऊपर चलाया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि कल जहांगीरपुरी में कांग्रेस एवं वामपंथी नेता दंगाईयों का हाल जानने पहुंचे थे। आम आदमी पार्टी के नेता तो शुरु से ही इस पूरे मामले में शामिल हैं और अब कल रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की सबसे बड़ी सरगना ममता बनर्जी भी पहुंचने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जो टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करते हैं, जेएनयू में देशविरोधी नारा लगाने वालों के साथ खड़े होते हैं। विधानसभा में कश्मीरी पंडितों पर अट्ठाहास करते हैं। ये सारी बातें इस बात का प्रमाण है कि देश के खिलाफ काम करने वालों के साथ आम आदमी पार्टी सहित पूरा विपक्ष खड़ा है।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मनीष सिसोदिया के द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मदनपुर खादर में लगभग 3000 रोहिंग्या-बांग्लादेशियों द्वारा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की लगभग 100 बीघा जमीन के ऊपर अवैध रुप से कब्जा किया हुआ था जिसके लिए हमने मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस बात की जानकारी दी। उस जमीन को खाली करवाने का आग्रह किया। जिसके ठीक एक महीने बाद ही उस जमीन को खाली करवा दिया गया। उन्होंने कहा मनीष सिसोदिया से सवाल किया कि जिस मदनपुर खादर में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की जमीन के बगल में जो दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी की जमीन पड़ी थी, उसमें उन सभी रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बसाने का काम किया। दिल्ली सरकार ने सिर्फ उन्हें बसाया ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को 10-10 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ मुफ्त बिजली, पानी, राशन ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की गई।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कि आज इन सभी रोहिंग्या-बांग्लादेशियों का आधार कार्ड बनवाकर उनके नाम वोटर लिस्ट में भी जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज इन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है उसे अगर बंद नहीं किया गया तो भाजपा इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।

हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है कि दिल्ली के अंदर जितने भी बांग्लादेशी घुसपैठिएं हैं, हर रोज 100 बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाला जाए जिसे केजरीवाल सरकार लागू नहीं होने दे रही है।

### पति ने आमदनी नहीं दिखाई तो न्यूनतम मजदूरी के आधार पर देना होगा गुजाराभत्ता

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत अदालत ने कहा कि अगर घरेलू हिंसा के मामले में पति किसी भी तरह अलग रह रही पत्नी को गुजाराभत्ता देने से नहीं बच सकता। यदि वह अपनी आमदनी को छिपाता है और शपथपत्र में कोई भी आमदनी नहीं होने की बात कहता है तो उसे राज्य द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर पत्नी को गुजाराभत्ता देना होगा। दिल्ली की तीस हजारी स्थित प्रिंसीपल जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरीश कठपाड़िया की अदालत ने पति की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने कहा था कि उसके पास कमाने कोई साधन नहीं है। परन्तु महिला अदालत ने उसे निर्देश दिया है कि वह पत्नी को चार हजार 450 रुपये प्रतिमाह गुजाराभत्ते के तौर पर दें। प्रिंसीपल जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अदालत ने महिला अदालत के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा है कि पत्नी व परिवार की जिम्मेदारी से पति भाग नहीं सकता। यदि उसके पास कमाई के कोई उचित साधन नहीं है और वह शारीरिकतौर पर स्वस्थ है तो उससे एक मजदूरी जितना कमाने की अपेक्षा किया जाना न्यायसंगत है। इस मामले में भी यही किया गया है। लिहाजा वह बिना किसी ना-नुकुर के पत्नी को प्रतिमाह चार हजार 450 रुपये का भुगतान करे। इस मामले में दंपति की शादी जनवरी 2017 में हुई थी। दंपति करीब डेढ़ साल साथ रहा और फिर अलग हो गया। पत्नी ने पति पर घरेलू हिंसा, नशे का आदी होना, मारपीट करने का आरोप लगाया।

# स्वराज इंडिया देश में चल रहे 'बुलडोजर राज' के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का स्वागत करता है

## भाजपा और संघ परिवार देश को रसातल में ले जा रहे हैं; देश को बचाने के लिए सभी देशप्रेमी ताकतों को एक साथ आना चाहिए : क्रिस्टीना सामी

नई दिल्ली। भारत ने पिछले पंद्रह दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में असंवैधानिक और मनमाने ढंग से मकानों-दुकानों को तहस -नहस करने के अभियान देखे हैं। ऐसी सभी कार्रवाइयों के पीछे एक पैटर्न है! संघ परिवार से जुड़े संगठन एक धार्मिक जुलुस के नाम पर (आमतौर पर पुलिस की मौजूदगी में लाठी और तलवार और यहाँ तक कि गोली चलाने के शस्त्र को लहराते हुए) मौखिक और शारीरिक हमले का आयोजन करते हैं, और फिर मस्जिद के बाहर जानबूझकर उकसाने वाली गतिविधियां करते हैं। यह प्रशासन की मिलीभगत से होता है। यह जानते हुए कि इससे टकराव होगा। दो समूहों केबीच टकराव के बाद एकतरफा गिरफ्तारी और संपत्तियों को तोड़ने जैसी अतिरिक्त कार्रवाई की जाती है। इस तरह की हरकतें भाजपा शासित राज्यों और दिल्ली जैसी जगहों पर अधिक स्पष्ट हैं, जहां पुलिस पर भाजपा सरकार का नियंत्रण है।

दिल्ली में जहांगीरपुरी में 16 अप्रैल, 2022 को एक ऐसी ही घटना देखी गई, जहाँ संघ परिवार से जुड़े संगठनों द्वारा हनुमान जयंती पर एक बिना प्रशासनिक इजाजत के शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस जुलुस के वीडियो में दिल्ली पुलिस के साथ, बंदूकों, तलवारों और बेसबॉल के बल्ले के साथ भीड़ दिखाई दे रही है, जिसमें नाबालिग भी शामिल हैं। जुलुस एक मस्जिद के बाहर रुका, और दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में, दिन के उजाले में, अत्यंत बुरी व ,कट्टर नारेबाजी और मस्जिद को अपवित्र करने का प्रयास किया गया। इसके बाद स्थानीय मुसलमान समुदाय के सदस्यों और जुलूस निकालने वाले कुछ लोगों द्वारा पथराव किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए।

जैसे कि यह पर्याप्त नहीं था, भाजपा दिल्ली अध्यक्ष ने अपनी पार्टी के नेतृत्व वाली उत्तरी दिल्ली एमसीडी को पत्थरबाजों के खिलाफ अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने के लिए कहा। दिल्ली के सीएम ने भी शोभा यात्रा पर पथराव करने वालों की निंदा की, लेकिन इससे पहले की हर चीज पर चुप्पी साधे रखा। 20 अप्रैल, 2022 को उत्तरी दिल्ली एमसीडी ने केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश के तहत दिल्ली पुलिस के पूर्ण समर्थन के साथ, एमसीडी नियमों, एनसीटी कानूनों और दिल्ली पुलिस के नियमों के पूर्ण उल्लंघन में एक असाधारण विध्वंस अभियान चलाया। निवासियों को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया, और कई को कागजात होने के बावजूद भी नहीं बख्शा गया। इस अभियान ने घरों, दुकानों, स्थानीय लोगों के रेहड़ियों और एक मस्जिद के प्रवेश द्वार को गिरा दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर रोक लगाने के बाद एक घंटे से अधिक समय तक यह तोड़फोड़ जारी रही। इस अभियान का पूरा मकसद अल्पसंख्यक आबादी को सबक सिखाना था और यह प्रदर्शित करना था कि भाजपा और उसके कार्यकर्त्ता कानून के राज से ऊपर हैं।

दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी आप का आचरण भी कम चौंकाने वाला नहीं है। कमजोर समाज की रक्षा और शांति लाने में, न केवल विधानसभा में 70 में से 62 विधायकों के साथ सत्तारूढ़ दल लापता रहा, बल्कि पार्टी के नेताओं ने आगे बढ़कर बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को शहर में आतंकवाद के लिए दोषी ठहराया, जो हास्यास्पद, गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक बयान है। यह घटना एक बार फिर प्रदर्शित करती है कि आम आदमी पार्टी भाजपा का विकल्प नहीं है; यह भाजपा का विकल्प नहीं है, और उसकी बहुसंख्यकवादी और विभाजनकारी विचारधारा का अनुकरण करता है।

स्वराज इंडिया स्पष्ट शब्दों में इस बुलडोजर राज और देश को विभाजित करने के प्रयास की निंदा करता है। स्वराज इंडिया की दिल्ली टीम ने अपने प्रदेश अध्यक्ष श्री नवनीत तिवारी के नेतृत्व में कल तोड़ फोड़ वाले स्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि स्वराज इंडिया उनके साथ खड़ा रहेगा। श्री नवनीत तिवारी ने यह भी बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता, जिन्होंने इस विध्वंस को अंजाम दिया था, पर खुद पटेल नगर में अपना कार्यालय बनाने के लिए एक सरकारी स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप है।

स्वराज इंडिया माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समय पर हस्तक्षेप का स्वागत करता है जिसने जहांगीरपुरी में अगले दो सप्ताह के लिए विध्वंस अभियान पर रोक लगा दी है। हमें पूरी उम्मीद है कि अदालत कानून के राज को बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी, अदालत के आदेशों के बावजूद विध्वंस जारी रखने वालों को दंडित करेगी और बुलडोजर राज के खिलाफ स्पष्ट संदेश देगी। हम मांग करते हैं कि इस गैर कानूनी तरीके से की गई तोड़-फोड़ से प्रभावित निवासियों को मुआवजा दिया जाए और जिन अधिकारियों ने इसे अंजाम दिया, उन्हें कठोर सजा दी जाए।

हम मानते हैं कि यह नगर पालिकाओं और अदालतों से परे एक बहुत बड़ी लड़ाई है। हम अपनी सभ्यता को बरबाद करने, इस देश में फूट डालने और राज करने के इरादे से चलाया जा रहा एक व्यापक अभियान देख रहे हैं।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह अभियान तब तेज हो गया है, जब देश बढ़ती मुद्रास्फीति, चरम बेरोजगारी और जहां पूरा देश आपदा का सामना कर रहा है, वहीं मित्र पूँजीपतियों द्वारा असाधारण मुनाफ़ा कमाने का सामना कर रहा है। स्वराज इंडिया की अध्यक्ष क्रिस्टीना सामी ने कहा, भाजपा और संघ परिवार देश को पाताल में ले जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक मोड़ पर, भारत के विचार के साथ खड़े होने वाले सभी लोगों को गणतंत्र की रक्षा के लिए एक साथ आना चाहिए। स्वराज इंडिया सभी नागरिकों, जन आंदोलनों, नागरिक समाज संगठनों और राजनीतिक दलों से देश की रक्षा के लिए एक साथ आने का आह्वान करता है।

# एनडीएमसी के निरीक्षक समेत दो लोग रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के कार्यरत एक निरीक्षक सहित दो लोगों को रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। इस सिलसिले में निरीक्षक के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की गई और वहां से आपित्तजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। उत्तरी निगम के अधिकारियों का कहना है कि निरीक्षक को निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार निरीक्षक का नाम राहुल कुमार है। इन दिनों वह उत्तरी दिल्ली नगर निगम केशवपुरम जोन के पशु विभाग में कार्यरत है जबकि दूसरा आरोपी महावीर सिंह है। वह उसके लिए बिचौलिए का काम करता था।

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई को कुछ दिन पहले निरीक्षक राहुल कुमार के बारे में शिकायत मिली थी कि पशु विभाग का यह निरीक्षक लगातार उससे पांच हजार रुपये प्रतिमाह रिश्वत की मांग कर रहा है। निरीक्षक कहता है कि अगर वह प्रतिमाह इतनी रकम देगा तो वह उसकी गाय को नहीं पकड़ेगा। इससे पहले वह उसकी गाय को पकड़ कर बंद कर चुका है। बताया गया कि इस शिकायत के आधार पर सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने एक टीम बनाई और निरीक्षक को उसके बिचौलिए के साथ उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह पांच हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। निगम सूत्रों का कहना है कि सीबीआई के छापे के बाद से केशवपुरम जोन कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। सीबीआई ने निरीक्षक राहुल कुमार के कार्यालय और आवास सहित महावीर के आवास पर भी छापेमारी कर वहां से आपित्तजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। इस संबंध में सीबीआई ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## शार्ट न्यूज

### देवरिया में लापरवाही बरतने वाले दो दरोगा समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में काम में लापरवाही बरतने के आरोप में दो दरोगा समेत पांच पुलिसकर्मियों को गुरूवार को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को विवेचना में लापरवाही बरतने,सोशल मीडिया सेल में तैनात उप निरीक्षक रामबदन चौहान को सूचना देने में लापरवाही बरतने और लार थाने में तैनात मुख्य आरक्षी दिनेश कसौधन और आरक्षी संजीत सिंह को अपने क्षेत्र में अपराध न रोकने के आरोप में तथा आरक्षी पिन्टू यादव को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने उन्हें निलंबित कर दिया है। सभी निलंबित पुलिसकर्मियों को पुलिस लाईन से अटैच कर उनके खिलाफ जांच करवाने की कार्रवाई शुरू करा दिया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य का निजी सचिव धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के निजी सचिव को पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक श्री मौर्य के निजी सचिव अरमान खान और उसके चार साथियों को नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने के आरोप में हजरतगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक चेकबुक,जाली नियुक्ति पत्र समेत अन्य दस्तावेज बरामद किये हैं। उन्होने बताया कि अरमान का गिरोह सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से मोटी रकम ऐठंता था और उन्हे नकली नियुक्ति पत्र देकर गुमराह किया जाता था। गिरोह के निशाने पर अधिकतर पूर्वांचल के गरीब नौजवान होते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इस सिलसिले में कुछ और लोगों का पता लगाया जा रहा है।

### उपासना पद्धति को माने मगर दूसरों की सुविधा का भी रखें ख्याल : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर किसी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की आजादी है मगर माइक की आवाज परिसर से बाहर नहीं आनी चाहिये और बगैर अनुमति किसी धार्मिक यात्रा को नहीं निकाला जाना चाहिये। योगी ने गुरूवार को यहां उच्चस्तरीय टीम-09 की बैठक में कहा कि अपनी धार्मिक विचारधारा के हर किसी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। पूर्व से अनुमति से जहां माइक लगे हैं वहाँ माइक का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि माइक की आवाज़ उस परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। नए स्थलों पर नए माइक लगाने की अनुमति न दें। उन्होने कहा कि कोई शोभायात्रा अथवा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति देने से पूर्व आयोजक से शांति-सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। माहौल खराब हुआ तो हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### सहारनपुर में शातिर बदमाश गिरफ्तार

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के कुतुबशेर इलाके में गुरूवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि अंबाला रोड के उनाली पुलिया पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक सफारी कार को रोकने का प्रयास किया जिस पर उसमे सवार बदमाशों ने गोली चलाते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया जिसे दबोच लिया गया हालांकि एक अन्य बदमाश भागने में सफल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की पहचान मनीष निवासी चंद्रलोक कॉलोनी,टीपी नगर, मेरठ के तौर पर की गयी है। मनीष एक कुख्यात शराब तस्कर है जो गैर प्रांत की शराब की तस्करी कर मेरठ और उसके आसपास के जिलों में सप्लाई करता है। सफारी गाड़ी में भारी मात्रा में शराब की पेटियां, तमंचा, कारतूस बरामद किये गये है। श्री तोमर ने बताया कि भागे हुए बदमाश की तलाश की जा रही है।

### हत्या के मामले में पिता पुत्र समेत तीन को उम्रकैद

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर पिता , पुत्र समेत तीन अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि प्रतापगढ़ शहर से सटे कोतवाली नगर के पूरे पितई गाँव के आबुल हसन पंजाबी मार्केट में कपड़े की दुकान चलाते है।22 अक्टूबर 2002 को शाम वह दुकान बन्द करके बाइक से अपने घर जा रहे थे ,आगे दूसरे स्कूटर से उनका बेटा सईद अहमद 27 अपने चचेरे भाई मोबिन अहमद के साथ जा रहा था। हाई वे पर पूरे पितई मोड़ पर एक दुकान के सामने खड़े लोगो ने आबुल के बेटे सईद को रोका और उसे गोली मार दी इससे उसकी मौत हो गयी। इस मामले में आबुल हसन ने पूरे पितई निवासी सगे भाई मोहम्मद अली उर्फ लाला , कासिम और कासिम के पुत्र परवेज के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिला न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय ने मामले की सुनवायी के बाद तीनों आरोपितों पर दोष सिद्ध पाया और बुधवार की शाम अपना फैसला सुनाया।

### डेढ़ दशक बाद क्वारी में बही जलधारा,चेहरों में आयी मुस्कान

इटावा। चंबल घाटी की जीवन रेखा कही जाने वाली क्वारी नदी में लगभग डेढ़ दशक बाद भीषण गर्मी में आये पानी ने क्षेत्रीय लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। इटावा जिले में पांच नदियों में से एक अहम मानी जाने वाली क्वारी नदी करीब 15 सालों से गर्मी के मौसम में हमेशा ही सूखती रही है लेकिन इस बार नदी में आए पानी से स्थानीय चरवाहे और इलाकाई लोग बेहद खुश नजर आ रहे हैं क्योंकि अब उनको पानी के लिए जगह जगह भटकना नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी में पाए जाने वाले वन्य जीवो को भी क्वारी नदी का पानी आसानी से मिल सकेगा। इटावा को पांच नदियों के संगम वाले जिले के तौर पर जाना जाता है । यमुना,चंबल,सिंधु,पहुज और क्वारी नदी पचनदा में मिलती है उसके बाद यमुना बन कर प्रयागराज में ही समाहित होती है। यमुना के किनारे सैकड़ों की तादात में गांव बसे हुए हैं, इसके साथ ही हजारों लोग कुंवारी नदी के किनारे अपनी फसल आदि की सिंचाई भी इसी नदी के पानी से करते रहे है। पिछले दिनों से सूखे जलस्त्रोतों ने इस नदी को भीषण गर्मी में खामोश कर दिया था लेकिन इस दफा नदी की किस्मत पिछले साल हुई भारी बरसात ने चमका दी है तभी तो क्वारी नदी में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।
डेढ दशक से अक्टूबर-नवंबर माह में सूखने वाली क्वारी नदी इस बार जलीय जीवों से लेकर पशु-पक्षियों पर मेहरबान है । क्वारी की जलधारा में इस बार अप्रैल माह में भी तेज प्रवाह है। जल प्रवाह न सिर्फ आम जन के लिए राहतकारी है, बल्कि सेंचुरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के आम जनमानस व पशु-पक्षी भी प्यास बुझा रहे हैं।

### महोबा में मां बेटे के शव मिलने से सनसनी

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी क्षेत्र में एक विवाहिता और उसके दो वर्षीय मासूम बेटे का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला है। अपर पुलिस अधीक्षक आरके गौतम ने गुरूवार को बताश कि सबुआ गांव निवासी रवींद्र यादव की पत्नी सपना और उसके दो साल के बेटे बाबू के शव बुधवार देर शाम मकान के भीतर कमरे में फांसी पर झूलते पाए गए। परिजनों के मुताबिक घटना के समय सपना घर मे अकेली थी और परिवार के अन्य सदस्य खेत पर काम के लिए गए थे। देर शाम घर लौटने पर उन्होंने युवती का शव फांसी पर लटका पाया तो घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने विवाहिता की आत्महत्या की बात कही है जबकि मायके पक्ष ने प्रकरण को दहेज हत्या करार दिया है और मामले को आत्महत्या दर्शाने के लिए सपना व उसके पुत्र की हत्या कर दोनो के शव फांसी पर लटका दिए जाने का आरोप लगाया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सपना के पिता हमीरपुर जिले के सरीला निवासी शत्रुघन सिंह का आरोप है कि ससुराली जनों द्वारा दहेज के लिए उसकी बेटी को शादी के बाद से ही परेशान किया जाता रहा।

# सभी थानाध्यक्ष हर रोज करेंगे एक घंटा फुल पेट्रोलिंग

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने रमजान के महीने में सुशासन और शांति व्यवस्था बनाये रखने पर जोर देते हुये कहा कि थानाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी हर रोज कम से कम एक घंटा फुल पेट्रोलिंग करें।
अपर मुख्य सचिव, गृह एवं अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने गुरूवार को लखनऊ में थाना चौक का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री अवस्थी ने कहा कि रमजान के महीने में समुचित पुलिस प्रबंध कर प्रत्येक दशा में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। धर्म गुरुओं से मिलकर कर धार्मिक सौहार्द्र में सहयोग प्राप्त करें। किसी नयी परम्परा की शुरुआत न की जाये तथा त्योहार रजिस्टर की सभी प्रविष्टियों को पूर्ण रखा जाये। सभी थानाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी एक घंटे फुट पेट्रोलिंग प्रतिदिन अवश्य करें। उन्होने कहा कि पिंक बूथ की महिला आरक्षी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें एवं उस क्षेत्र में निकलने वाली महिलाओं से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के लिये आश्वस्त करें। प्रत्येक



पिंक बूथ पर एक रजिस्टर रखा जाय जिसमें महिला आरक्षियों द्वारा किये गये जनसम्वाद का ब्योरा भी रखा जाये। एडीजी महिला सुरक्षा संगठन नीरा रावत को निर्देशित किया गया है कि वह स्वयं पिंक बूथ का निरीक्षण कर उन्हें सक्रिय रखने के विशेष प्रयास करें।
अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशान्त कुमार ने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। सूचीबद्ध माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर उनको न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा सुनिश्चित करायी जाय। थाना क्षेत्र में नशाखोरी, जुआ सट्टा, अवैध वसूली एवं डग्गामार वाहनों पर पूर्ण रोक लगाते हुए इसमें शामिल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाये।
उन्होंने थाना परिसर साफ सुथरा रखनें, लावारिस वाहनो की नीलामी करने और थाने के माहौल को आगंतुकों के लिये स्वच्छ बनायें रखने के भी निर्देश दिये।
पुलिस आयुक्त,लखनऊ डीके ठाकुर एवं लखनऊ पश्चिमी के थाना प्रभारी/एसीपी/एडिशनल डीसीपी एवं डीसीपी के साथ बैठक कर रमजान, मोहर्रम एवं आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा भी की गयी।

### हरदोई में किशोरी की गला रेत कर हत्या

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के अतरौली क्षेत्र में गुरूवार को एक किशोरी की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जखवा गांव निवासी देशराज की पुत्री गोल्डी (17) का शव उसके मकान के पीछे पड़ा मिला। उसकी हत्या चाकू से गला रेत कर की गई है। शव के पास ही रक्तरंजित चाकू , हवाई चप्पल , मोबाइल और सरसों का तेल भी बरामद हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और रिश्तेदारों से हत्या की वजह को लेकर जानकारी हासिल की।

## योगी के बुल्डोजर ने कब्जा मुक्त कराया खेल मैदान

शामली। उत्तर प्रदेश में शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र के गांव डोकपुरा मे राजस्व विभाग ने पुलिस की मदद से क्रीडा स्थल की भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। इस जमीन पर मंसूरा निवासी दबंग ने अवैध कब्जा कर रखा था और गन्ने की फसल बो रखी थी। ग्राम प्रधान द्वारा क्रीडा स्थल की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए एसडीएम कैराना को शिकायत की गयी थी। जिस पर एसडीएम कैराना के आदेशानुसार उक्त भूमि को फसल पर ट्रैक्टर चलाकर कब्जा मुक्त कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव डोकपुरा मे ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि जो कि क्रीडा स्थल के नाम से आवंटित है। इस पर गांव मंसूरा निवासी तहसीम पुत्र मीरहसन द्वारा अवैध कब्जा कर गन्ने की फसल रखी थी। जिसको एसडीएम कैराना संदीप कुमार के आदेशानुसार राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस फोर्स के साथ गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर कब्जा मुक्त कराया है। गांव डोकपुरा की ग्राम प्रधान स्वाति चौहान द्वारा एसडीएम कैराना को लिखित मे शिकायत की गयी थी, कि ग्राम पंचायत डोकपुरा द्वारा बच्चो के खेलने के लिए गांव के ही रकबे मे लगभग साढे छः बीघा जमीन क्रीडा स्थल के नाम से आवंटित थी लेकिन आवंटित जमीन पर पूर्व से ही गांव मंसूरा निवासी तहसीम पुत्र मीरहसन द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था।

## जौनपुर में 11 कबाड़ी गिरफ्तार, नौ करोड़ के वाहन बरामद

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में जालालपुर थाने की पुलिस और एसओजी की टीम ने कबाड़ का काम करने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 34 गाड़ियां और 38 इंजन समेत अन्य कलपुर्जे बरामद हुए। इन गाड़ियों की कीमत नौ करोड़ रूपये बताई जा रही है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए कबाड़ी दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे दूसरे राज्यों से अवैध तरीके से गाड़ियों को मंगाते थे, उन्हें काट कर कलपुर्जे निकाल लेते थे, फिर इन कलपुर्जों को अलग-अलग दुकानदारों को बेच देते थे। इस काम को ये इतनी सफाई से करते की कि कोई बता नहीं सकता है कि कटे वाहनों के कलपुर्जे हैं।



उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले पुलिस की मिलीभगत से जलालपुर थाने में खड़ी विभिन्न मामलों में सीज की गई गाड़ियों को भी उठा ले गए थे। मामले में तत्कालीन मुंशी को निलंबित किया गया था।
साहनी ने बताया कि कबाड़ियों के पास से 34 गाड़ियां बरामद की गई हैं। इंजन नंबर से गाड़ियों की पहचान कराई जा रही है। फिलहाल, मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक नगर (एएसपी सिटी) डा0 संजय कुमार से कराई जा रही है, जल्द ही कुछ बड़ा खुलासा हो सकता है। वहीं, इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों के मिलने पर आरटीओ को बैठक के लिए भी बुलाया है।
उन्होने बताया कि त्रिलोचन बाजार से गाड़ियों के काटने की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। मौके पर कई गाड़ियां कटी हुई मिली। इन गाड़ियों का कोई रिकॉर्ड नहीं दिखा सके।
जिसमें 11 कबाड़ी गिरफ्तार हुए। अलग-अलग स्थानों से 34 गाड़ियां, 38 वाहनों के इंजन और लभभग 100 वाहनों का स्क्रैप बरामद किया गया।
पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्त में आए लोगों में अख्तर अली उर्फ बचई, राजू अग्रहरि, बनारसी अग्रहरि, सुशील कुमार गुप्ता , दिनेश कुमार गुप्ता, तेजू प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता , पंकज कुमार अग्रहरि, दुर्गेश कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता उर्फ प्रधान और जय प्रकाश लंबर शामिल है। इनके साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## कैबिनेट मंत्री मंडल में प्रवास कर जानेंगे कानून व्यवस्था का हाल

लखनऊ। अपराधियों के खिलाफ सख्त तेवर बरकरार रखने का भरोसा दिलाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अब फील्ड में निकलेंगे और कानून व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की पड़ताल करेंगे।
गृह, कारागार, होमगार्ड, सचिवालय प्रशासन और नियुक्ति एवं कार्मिक विभागों की कार्ययोजना प्रस्तुतिकरण के दौरान श्री योगी ने गुरूवार को दावा किया कि पिछले पांच सालों में उत्तर प्रदेश ने सुदृढ़ कानून-व्यवस्था का एक मॉडल प्रस्तुत किया है। प्रदेश से संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। अवैध रूप से अर्जित 2081 करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। आगे भी माफिया, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस 24म7 मुस्तैद रहेगी।
उन्होने कहा कि सभी कैबिनेट मंत्री अब फील्ड में जाएंगे। कैबिनेट मंत्रियों की अध्यक्षता में 18 मंडलों के लिए



18 टीमें गठित कर 18 सप्ताह के लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। यह टीमें हर मंडल में 72 घंटे का प्रवास करेंगी। अलग-अलग जिलों का भ्रमण करेंगी। लोगों से मिलेंगी। व्यवस्था की पड़ताल करेंगी, संभावनाओं की परख करेंगी जिसके बाद 75 जिलों के नोडल अधिकारी इन टीमों की रिपोर्ट लेकर 15 दिन के अंदर क्रियान्वयन की योजना प्रस्तुत करेंगे।
उन्होने कहा कि पिछली सरकारों ने शरारतपूर्ण ढंग से पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने उनको पुनर्जीवित किया। नई बटालियन भी शुरू कीं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने गत वर्षों में पूरी पारदर्शिता से बिना भेदभाव के दक्ष युवाओं को सेवायोजित किया है। सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार का कोई भी स्थान नहीं है। भर्ती के साथ-साथ प्रशिक्षण पर आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया जाना चाहिए।
उन्होने कहा कि कारागार को सुधार गृह के रूप में विकसित किया जाए। कई बार निर्दोष व्यक्ति को भी जेल जाना पड़ जाता है। बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिले की प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्थाओं, प्राकृतिक खेती एमएसएमई इकाइयों, कौशल विकास मिशन से भी जोड़ा जाना चाहिए।
श्री योगी ने कहा कि सचिवालय को दलालों से मुक्त रखा जाए। नौकरी दिलाने, काम दिलाने वाले ठगों को सचिवालय परिसर से दूर रखें। फील्ड के अधिकारियों को अनावश्यक सचिवालय न बुलाया जाए। इसमें समय और धन का अपव्यय होता है। कोई भी फाइल किसी पटल पर तीन दिन से अधिक लम्बित न रखी जाए।
उन्होने कहा कि रामपुर में कमांडो ट्रेनिंग सेंटर के लिए भूमि का चयन कर अग्रेतर कार्यवाही पूरी कराएं। पुरुष टीम की भांति महिला कमांडो की एक दक्ष टीम बनाई जाए। आगामी 100 दिनों ने अयोध्या जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की इकाई गठित की जाए। यूपी 112 के रिस्पॉन्स टाइम को और कम करते हुए 10 मिनट तक लाने के प्रयास किये जाएं। पुलिस, अभियोजन और संगठन के लिए चरणबद्ध रूप से सिंगल विंडो व्यवस्था लागू की जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के क्रम में जालौन, मिर्जापुर और बलरामपुर में एक-एक नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया जाना चाहिए। इस बाबत प्रस्ताव तैयार करें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में फुट पेट्रोलिंग का बड़ा महत्व है। यह कार्य हर दिन होता रहे। इस बाबत एक पोर्टल विकसित करें, जहां फुट पेट्रोलिंग का सम्पूर्ण विवरण दर्ज हो।

## कोरोना का नया वैरिएंट टीका लगवा चुके लोगों के लिये खतरनाक नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या में इजाफा होने की संभावना जताते हुये सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की और कहा कि वायरस का यह वैरिएंट सामान्य वायरल की तरह है और कोविड टीका लगवा चुके लोगों के लिये खतरे की संभावना बहुत कम है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को टीम-09 की बैठक में कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार संभव है कि आने वाले दिनों में नए पॉजिटिव केस में इजाफा देखने को मिले, मगर वायरस का यह वैरिएंट सामान्य वायरल की तरह ही है। कोविड टीका लगवा चुके लोगों के लिए खतरे की संभावना न्यून है। लोगों को बताया जाए कि घबराने की कोई जरूरत नहीं, लेकिन सतर्कता, सावधानी बनाये रखनी होगी।
उन्होने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। यथा आवश्यक स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल का बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए।
एनसीआर के जिलों तथा लखनऊ में सभी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क की अनिवार्यता को प्रभावी बनाया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 980 है। पिछले 24 घंटों में एक लाख 14 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 205 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 81 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। गौतमबुद्ध नगर में 103, गाजियाबाद में 52 और लखनऊ में 16 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इन जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।
उन्होने बताया कि 30 करोड़ 91 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18+ आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 86.85 फीसदी से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94.32 प्रतिशत किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 62 फीसदी से अधिक किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है।
बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए।

## बुलडोजर कार्रवाई से हो सकता है सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान

एजेंसी

लखनऊ। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई के प्रति नाराजगी का इजहार करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने धर्म को भी इसके लिये इस्तेमाल करने से सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान होगा, जिसका फायदा देश विरोधी ताकतों को होगा।
मायावती ने गुरूवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि सरकार को उन अधिकारियों के खिलाफ भी सख्ती बरतनी चाहिये जिनके भ्रष्टाचार में अवैध निर्माण हो रहे हैं। दंगे और हिंसा पर कार्रवाई के नाम पर बुलडोजर चलाये जाने से गरीब लोग भी पिस रहे हैं। उन्होने कहा दिल्ली के जहाँगीरपुरी सहित देश के अन्य राज्यों में भी अवैध निर्माण की आड़ में जो बुलडोजर चलाये जा रहे हैं जिसमें गरीब लोग भी प्रभावित हो रहे हैं, जबकि सरकार को उन अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्ती करनी चाहिये जिनके भ्रष्टाचार की वजह से ही अवैध निर्माण हो रहे हैं।
बसपा प्रमुख ने कहा देश में जहाँ भी दंगे व हिंसा होती है तो वहाँ कार्रवाई के नाम पर तुरन्त बुलडोजर चलाया जाये, जिसमें गरीब लोग भी पिस रहे हैं, यह उचित नहीं, बल्कि जो मूल दोषी हैं तो उनके विरुद्ध ही सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिये।
उन्होने कहा साथ ही, धर्म को भी इसके लिए इस्तेमाल करना, तो इससे देश में आपसी सद्भाव खत्म होगा तथा इसका देश विरोधी ताकतें भी गलत फायदा उठा सकती हैं। इस मामले में भी सरकारों को जरूर सोचना चाहिये। बीएसपी की यह सलाह।
गौरतलब है कि दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने बुधवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था। हालांकि उच्चतम न्यायालय के यथास्थिति बनाये रखने के आदेश के बाद अभियान रोक दिया गया था।
जहांगीरपुरी क्षेत्र में 16 अप्रैल को हनुमान जयंती पर आयोजित शोभायात्रा के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

## यूक्रेन से वापस आये मेडिकल छात्रों के भविष्य की रक्षा करे सरकार : अखिलेश

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरूवार को कहा कि युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे यूक्रेन से आधी अधूरी पढ़ाई छोड़ कर आये मेडिकल छात्रों को सरकार यहॉ के मेडिकल कालेज में प्रैक्टिकल क्लासेज़ करने की अनुमति दे, बाक़ी पढ़ाई वे आनलाइन कर लेंगे।
यूक्रेन से वापस आये मेडिकल छात्रों के एक समूह ने श्री यादव से मुलाकात कर उनसे सरकार पर प्रैक्टिकल क्लासेज करने की अनुमति देने का दवाब बनाने की गुजारिश की। सभी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़कर आए हुए स्टूडेंट्स की इस मांग को सरकार तुरंत माने और युवाओं के भविष्य की रक्षा करें।
छात्र छात्राओं ने यह मांग रखी कि उनकी पढ़ाई युद्ध ग्रस्त यूक्रेन में अवरुद्ध हो गई है जिसको पूरी कराने के लिए केंद्र सरकार पहल करें और



इस पहल में सपा अध्यक्ष अपने स्तर पर भूमिका अदा करें। इससे पहले इन छात्र छात्राओं ने इटावा के जिलाधिकारी से भी मुलाकात करके अपनी बात रखी थी।
मेडिकल छात्र छात्राओं ने पूर्व सीएम से मांग करते हुए कहा कि उनकी अधूरी पढ़ाई यूपी के किसी भी मेडिकल इंस्टिट्यूट में पूरी करवाई जाए, जिससे उनका भविष्य खराब होने से बच सके। छात्रों ने कहा कि उनकी यूक्रेन की यूनिवर्सिटी में बात हो रही है, लेकिन वहां के हालात ठीक नहीं है। खराब हालात के बीच वे लोग भी यूक्रेन जाना नहीं चाहते हैं । रूस और यूक्रेन की जंग में भारतीय छात्र-छात्राओं को उनका भविष्य अंधकार में दिखने लगा है । भले ही वह युद्ध क्षेत्र से निकलकर अपने घर सुरक्षित लौट आए है, लेकिन अब उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है।
यूक्रेन से लौटी छात्रा तेजस्विता यादव का कहना है कि सभी छात्र घर वापस तो आ गए लेकिन उनकी उम्मीदें अधूरी रह गई हैं । उन्होंने कहा कि अगर वह देश में ही दोबारा पढ़ाई शुरू करते हैं तो उनका पैसा और साल दोनों ही बर्बाद होंगे इसलिए सरकार उनकी मांग पर सुनवाई करते हुए उनका भविष्य अंधकारमय होने से बचा ले ।
कोमल सिंह नाम की छात्रा का कहना है कि वब यूक्रेन में एमबीबीएस के पहले साल की छात्रा थी ।
वह बहुत ही उम्मीद से यूक्रेन पढ़ाई के लिए गई थीं, लेकिन वहां के हालात अचानक खराब हो गए । इस वजह से उन्हें अपनी जान बचाकर घर लौटना पड़ा । इस वजह से उनके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है ।

## भाजपा नफरत का एजेंडा लागू करने की फिराक में

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरूवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैलाने के एजेण्डे का प्रसार कर रही है, उससे लोकतंत्र, एकता तथा सद्भाव को गम्भीर क्षति पहुंच रही है।
अपने गांव सैफई मे पार्टी जनो से मुलाकात करने के दौरान श्री यादव ने कहा कि गरीब जनता तथा विपक्षी दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर भाजपा सरकार का उत्पीड़न बढ़ता ही जा रहा है। इस सबके पीछे उसका इरादा बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाना और असहमति की आवाज को दबाना है।
उन्होने कहा कि भाजपा और आरएसएस पहले सबको धर्म के आधार पर भड़काते हैं। बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खेलते है। बड़ी मुश्किल से भारत एक लोकतांत्रिक और पंथनिरपेक्ष, समाजवादी देश बन पाया । संविधान में सबको एक समान नागरिक अधिकार दिए गए। भाजपा इस सामाजिक तानाबाना को तोड़ने में लगी है। हिन्दू-मुस्लिम की गंगा-जमुनी तहजीब को भाजपा खण्डित करने का प्रयास कर रही है।
पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी एकाधिकारी सत्ता के लिए लालायित भाजपा सरकार छलबल और सत्ता की ताकत से विपक्ष की विरोध और असहमति की आवाजों को भी दबाना चाहती है। मीडिया को अपने साथ करने के लिए चौथे स्तम्भ पर भी दबाव बनाया जाता है । भाजपाई आईटी सेल अफवाहें फैलाकर नफरत की चिंगारी को हवा देने का काम करती है। श्री यादव ने कहा कि अयोध्या के बीकापुर में पत्रकार पर लाठी डंडों से हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। मिर्जापुर में मिड-डे-मील का सच दिखाने पर जेल में डाल दिया गया। लखीमपुर खीरी के बहुचर्चित काण्ड में भी एक पत्रकार की मौत हुई थी । बलिया में पत्रकार की हाईस्कूल इन्टरबोर्ड की परीक्षा का एक प्रश्नपत्र लीक होने की खबर देने पर गिरफ्तारी की गई । चंदौली में एक पत्रकार को धरने पर बैठना पड़ा।
सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा राज का यही चरित्र है कि वह अपने विराधी को फूटी आंखो नहीं देखना चाहती है। भाजपा नेतृत्व का न तो लोकतंत्र की मान्यताओं के प्रति कोई सम्मान भाव है और नहीं उनमें संविधान के प्रति आस्था है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रीनसेल मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कोच ब्रांड 'न्युगो' का किया अनावरण

नयी दिल्ली। ग्रीनसेल मोबिलिटी ने आज देशव्यापी अंतर्शहरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कोच ब्रांड न्युगो का अनावरण किया जिसके तहत देश के 24 प्रमुख शहरों ई बस सेवायें प्रदान करने की योजना है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि न्युगो नये जमाने के यात्री पर लक्षित है और भारत का पहला अंतर्शहरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बस ब्रांड है। उसने दक्षिण, उत्तर और पश्चिम भारत में महत्वपूर्ण अंतर्शहरी मार्गों पर 750 प्रीमियम एसी ई-बसें शुरू करने की अपनी योजनाओं की घोषणा की है। यह बसें 75 से ज्यादा शहरों में कवरेज के साथ महत्वपूर्ण ट्रांजिट मार्गों को कवर करेंगी। कंपनी की 100 इलेक्ट्रिक बसें मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से गुजरेंगी और 200 इलेक्ट्रिक बसें दिल ?ली एनसीआर में चलेंगी। बस सेवाओं की पेशकश देश के प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी। यह बसें अपने जीवनकाल में कुल मिलाकर 56,154 टन कार्बन उत्सर्जन बचाएंगी और इससे 4,100 से अधिक नई नौकरियां सृजित होंगी। कंपनी अपनी पेशकश के माध्यम से परिचालन के पहले वर्ष में देश की 28,000 किलोमीटर सड़कों को इलेक्ट्रिफाई करेगी। ग्रीनसेल मोबिलिटी को भारत के 25 शहरों में 900 इलेक्ट्रिक बसों के लिये प्रमुख राज्य परिवहन उपक्रमों से ठेके मिल चुके हैं, जिससे वह ई- मोबिलिटी के सेगमेंट में अग्रणी बी2जी कंपनी बन गई है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15वें दिन भी स्थिर

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 15वें दिन भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 107.77 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 103.02 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 28 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार लगातार 15वां दिन है, जब कीमतें अपरिवर्तित रही हैं। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### खाद्य तेलों में उबाल

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की तेजी और स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 29 रिंगिट बढ़कर 6810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी लेकर 80.96 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर सरसों तेल 293 रुपये, सोया रिफाइंड 367 रुपये, पाम ऑयल 293 रुपये और वनस्पति तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंगफली तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में लगभग स्थिरता रही। इस दौरान केवल चना 50 रुपये और चना दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहा।

### ब्राजील के मंत्री एवं उद्योगों के प्रतिनिधियों से मिले गडकरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज ब्राजील के ऊर्जा मंत्री के साथ ही उनके साथ आए क्षेत्र के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। गडकरी ने इस दौरान एथनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि इससे वाहन उत्सर्जन के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है इसलिए एथनॉल के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। ब्राजील के खान और ऊर्जा मंत्री बेंटो अल्बुकर्क के नेतृत्व में भारत आए ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। ब्राज़ील के मंत्री ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ चीनी, एथनॉल और ऑटोमोबाइल उद्योगों के ब्राजील के उद्योग प्रतिनिधियों के एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। गडकरी ने इस दौरान दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एथनॉल के उपयोग और विभिन्न क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर भारत और ब्राजील के बीच अधिक सहयोग पर जोर दिया।

### ईडी ने की राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी की 1.88 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के पूर्व अधीक्षक जियानसिंग पनमेई की 1.88 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने बुधवार को एक बयान में बताया कि यह कार्रवाई इस अधिकारी पर ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत दायर प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। बयान के अनुसार कुर्की की यह कार्रवाई अभी अस्थायी है। ऐसे मामलों में कुर्की की पुष्टि के लिए ईडी विशेष अदालत से अनुमति लेता है। पनमेई के खिलाफ इससे पहले सीबीआई द्वारा 24 जनवरी 2019 में प्राथमिकी दर्ज की थी और उसने 30 दिसंबर 2019 को आरोपी के खिलाफ सीबीआई, एसीबी इंफाल ने भ्रष्टाचार निवारक कानून की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में पनमई के ऊपर अवैध रूप से 1.88 करोड़ रुपये की संपत्ति जुटाने का आरोप है। ईडी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गयी जांच में पता चला है कि पनमेई ने गलत तरीके से अर्जित धन से अपने परिवार के सदस्यों के नाम संपत्तियां खरीदीं। मामले में आगे की जांच जारी है।

### 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को पसंद आई अटल पेंशन योजना, 5 हजार रुपए तक का है इंतजाम

**नई दिल्ली।** असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए चलाई जा रही अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कुल अंशधारकों की संख्या 2021-22 में चार करोड़ को पार कर गई। यह जानकारी पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने दी है। पीएफआरडीए के मुताबिक 2021-22 के दौरान 99 लाख से अधिक अटल पेंशन योजना खाते खोले गए जिसके साथ मार्च, 2022 के अंत तक इस योजना के तहत नामांकन करवाने वालों की संख्या 4.01 करोड़ हो गई। मार्च, 2022 के अंत तक योजना के तहत हुए कुल नामांकन में से करीब 80 फीसदी लोगों ने 1,000 रुपये की पेंशन योजना और 13 प्रतिशत ने 5,000 रुपये की पेंशन योजना का चयन किया है। बैंकों की सक्रियता- पेंशन कोष नियामक ने कहा कि सभी श्रेणी के बैंकों की सक्रिय भागीदारी के कारण इस योजना में इतनी सफलता मिल सकी। करीब 71 फीसदी नामाकंन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने किए, 19 फीसदी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने, छह प्रतिशत निजी क्षेत्र के बैंकों ने और तीन प्रतिशत भुगतान एवं लघु वित्त बैंकों ने किए। बता दें कि योजना से 18-40 वर्ष की आयु का कोई भी भारतीय नागरिक जुड़ सकता है। इस योजना के तहत 60 वर्ष की उम्र के बाद 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की पेंशन का इंतजाम है। पेंशन की रकम आपके योगदान पर निर्भर है।

## शक्कर में मजबूती, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनो में मंदी, दाल- चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से मजबूती दर्ज की गई। खाद्य तेल नरम बताए गए। आज मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। दलहनों में मसूर सस्ती हुई। दालों में ग्राहकी बताई गई। चावल में उठाव रहा।

#### किराना बाजार

शक्कर में खरीदी से मजबूती रही। आज शक्कर में कामकाज 3620 से 3670 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 07 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली बनी रही। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया। साबूदाना में खरीदी साधारण रही।

#### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में गिरावट दर्ज की गई। आज पाम तेल नरम बताया गया। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज बना रहा।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए रहे। मसूर घटकर बिकी। आज दालों में लिवाली बताई गई इससे भाव बने रहे। चावल में पूछपरख सुधार लिए रही।

#### किराना

शक्कर 3620 से 3670 रुपये प्रति क्विंटल। नारियल 120 भरती 1450 से 1500, 160 भरती 1725 से 1750, 200 भरती 1800 से 1850, 250 भरती 2100 से 2150 रुपये। खोपरा गोला 205 से 225 रुपये प्रति



किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4400 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 115 से 175 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4500 से 5100, पैकिंग में 5400 से 5600 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6600 से 6800, रायडा 6200 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1620 से 1640, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1575 से 1580, सोयाबीन साल्वेंट 1555 से 1560, पाम तेल 1595 से 1600 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

तुअर निमाड़ी 5500 से 6100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6200 से 6300, तुअर (कर्नाटक) 6500 से 6600, चना (कांटा) 4900 से 5000, मसूर 6650 से 6700, मूंग 6600 से 6800, मूंग हल्की 6000 से 6500, उड़द 7000 से 7200, उड़द मीडियम 5500 से 6200, उड़द हल्की 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 6150 से 6650, तुअर दाल सवा नंबर 8400 से 8500, तुअर दाल फूल 8600 से 8800, तुअर दाल नई 9100 से 9800, आयातित तुअर दाल 8200 से 8300, मसूर दाल 7950 से 8250, मूंग दाल 8700 से 9000, मूंग मोगर 9300 से 9600, उड़द दाल 8400 से 8700, उड़द मोगर 9400 से 9800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7000 से 7500, राजभोग 6400 से 6500, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1380 से 1390, मैदा 1340 से 1350, आटा 1300 से 1310, चना बेसन 3300 से 3325 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## शेयर बाजार में रौनक बरकरार

**मुंबई।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले संकेत के बीच घरेलू शेयर बाजार में नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी डेढ़ प्रतिशत तक की तेजी में रहे।




बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 874.18 अंक की छलांग लगाकर 57911.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 257.80 अंक उछलकर 17394.35 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुई। इस दौरान मिडकैप 1.28 प्रतिशत चढ़कर 24,873.78 अंक और स्मॉलकैप 1.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 29,358.43 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3521 कंपनियों के शेयरों में कारोबार में हुआ, जिनमें से 2303 में तेजी जबकि 1116 में गिरावट रही वहीं 102 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 42 कंपनियों में लिवाली बाकी शेष आठ में बिकवाली का दबाव रहा।

बीएसई में धातु समूह की 0.06 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान सीडीजीएस 1.60, ऊर्जा 1.21, वित्त 1.54, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 1.45, आईटी 1.45, ऑटो 2.14, बैंकिंग 1.39, कैपिटल गुड्स 1.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.31, पावर 1.01, रियल्टी 1.04 और टेक समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत चढ़ गए। इस दौरान विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, हांगकांग का हैंगसैंग 1.25 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.26 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 1.25 और जापान के निक्केई में 1.23 प्रतिशत की बढ़त रही।

कारोबार की शुरुआत में 421 अंक की तेजी लेकर 57,458.60 अंक पर खुला सेंसेक्स सत्र के दौरान बिकवाली के दबाव में 57,311.86 अंक के निचले स्तर तक फिसला लेकिन लिवाली होने से यह 57,991.53 अंक के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 57,037.50 अंक के मुकाबले 1.53 प्रतिशत मजबूत होकर 57,911.68 अंक पर रहा।

निफ्टी 98 अंक बढ़कर 17,234.60 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 17,215.50 अंक के न्यूनतम जबकि 17,414.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,136.55 अंक की तुलना में 1.49 प्रतिशत चढ़कर 17,392.60 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 27 कंपनियों ने मुनाफा कमाया जबकि तीन कंपनियां नुकसान में रहीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत की तेजी रही वहीं टाटा स्टील सबसे अधिक 0.88 प्रतिशत की गिरावट पर रहीं।

## भारत मे 7500 करोड़ का निवेश करेगी टेस्ला पावर यूएसए

नयी दिल्ली। बैटरी का सबसे तेजी से बढ़ता ब्रांड टेस्ला पावर यूएसए अगले दो से तीन वर्षों में भारत में एक अरब डॉलर (लगभग 7,500 करोड़ रुपये) का निवश करने की योजना बना रहा है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वह अपने अद्वितीय ओपेक्स-आधारित मॉडल पावर एज़ ए सर्विस (पीएएएस) की पेशकश कर रहा है। पीएएएस के लॉन्च की घोषणा करते हुए कंपनी ने भारतीय कंपनियों को लीजिंग मॉडल पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) प्रदान करके, उनके निवेश को परिवर्तित करके भारत में ऊर्जा की बढ़ती मांग में योगदान करने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। कंपनी के अध्यक्ष जॉन एच. व्रतसिनास ने कहा, टेस्ला पावर यूएसए ने भारत में अपना पहला साल पूरा कर लिया है और हमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अपने इनोवेटिव उत्पादों को लॉन्च करने के लिए उन्हें सस्ती तथा टिकाऊ बनाने के लिए बहुत सराहना मिली है। कैपेक्स निवेश को ओपेक्स निवेश में बदलने में मदद करने के लिए हम अपनी व्यावसायिक योजना में पीएएएस मॉडल वर्टिकल को जोड़ रहे हैं। यह एक लंबी अवधि के लिए अग्रिम निवेश, रखरखाव और बैटरी के प्रतिस्थापन के बोझ को कम करेगा और इस प्रकार भारत को अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए सशक्त करेगा।

टेस्ला पावर यूएसए भारत में बैटरी के सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांड में से एक है। भारत में संचालन के नौ महीनों के भीतर, टेस्ला पावर यूएसए भारत में 20 राज्यों में 250 से अधिक वितरकों के साथ, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की बिक्री के लायक 100 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सक्षम था।

### 20 प्रतिशत और चढ़कर 3200 रुपये के पार जा सकते हैं रिलायंस के शेयर, इस वजह से आ सकती है तेजी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्टॉक आज शेयर बाजार में धूम मचा रहे हैं। कंपनी के स्टॉक्स गुरुवार सुबह 2 प्रतिशत से अधिक तक चढ़ गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में दोपहर 12:15 पर कंपनी एक शेयर की कीमत 2,785.30 रुपये हो गई। इस बढ़ोतरी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं, ब्रोकरेज फर्म Morgan Stanley को उम्मीद है कि कंपनी के शेयर की कीमतों अभी 20 प्रतिशत की तेजी और देखने को मिलेगी। BSE में कंपनी का मार्केट कैप भी बढ़कर 18.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ब्रोकरेज फर्म Morgan Stanley ने कंपनी का टारगेट प्राइस 20 प्रतिशत बढ़ाकर 3,253 रुपये कर दिया है। Morgan Stanley के अनुसार हाइड्रोजन प्लान से कंपनी को अच्छा फायदा होगा। बता दें, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में उछाल पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन से देखा जा रहा है। कंपनी के शेयर इस दौरान 7 प्रतिशत तक चढ़ गए। आइए जानते हैं कि रिलायंस के शेयर रॉकेट की तरह क्यों भाग रहे हैं। क्या है इसकी वजह? स्वास्तिक इंवेस्टमेंटमार्ट लिमिटेड के रिसर्च हेड संतोष मीणा कहते हैं, कंपनी इस तिमाही रिफाइनरी के जरिए अच्छा मार्जिन देगी। रिटेल और टेलीकॉम व्यवसाय भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## एंड्रोमेडा का ऋण वितरण 1.5 गुना बढ़कर 38,462 करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली।** व्यावसायिक परिदृश्य में उल्लेखनीय सुधार और आवासीय क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और पुनर्प्राप्ति (रिकवरी) के व्यापक उपयोग के बलबूते एंड्रोमेडा का ऋण वितरण हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 1.5 गुना बढ़कर 38,462 करोड़ रुपये हो गया। साथ ही, कंपनी ने 2022-23 वित्तीय वर्ष में 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण संवितरण का आक्रामक लक्ष्य रखा है। कंपनी का ऋण संवितरण (गृह ऋण, संपत्ति आधारित ऋण, व्यक्तिगत ऋण, व्यावसायिक ऋण और अन्य) 2021-22 में बढ़कर 38,462 करोड़ रुपये हो गया, जो कि 2020-21 में 15,575 करोड़ रुपये था। एंड्रोमेडा के सह-सीईओ राउल कपूर ने कहा कि एंड्रोमेडा की सेवाएं अभी 90 शहरों में उपलब्ध हैं और जल्द ही देश भर के 115 शहरों में उपस्थिति दर्ज कराने के महत्वपूर्ण मील के पत्थर को हासिल कर लेगी।

उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा , हमारा लक्ष्य आसान शर्तों पर घर खरीदारों को ऋण प्रदान करना है, ताकि वे अपने घर के सपने को पूरा कर सकें। ऐसा करके हमने राष्ट्र निर्माण हेतु भी योगदान दिया है, क्योंकि रियल्टी क्षेत्र इंडस्ट्रियल गुड्स की मांग पैदा करने के साथ-साथ कुशल और अकुशल दोनों तरह के लोगों के लिए रोजगार पैदा करता है । उन्होंने कहा कि यह सही है कि कोविड महामारी के प्रकोप के बाद अर्थव्यवस्था एक कठिन दौर से गुजरी। लेकिन, वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक द्वारा की गई पहल और केंद्र सरकार के तेजी से टीकाकरण अभियान के कारण स्थिति में काफी सुधार हुआ है । हमने प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर और अधिक लोगों तक पहुंचने के अवसर को भुनाने की पूरी कोशिश की है ।

कपूर ने कहा कि 147 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल ऋण संवितरण 15,575 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,462 करोड़ रुपये दर्ज किया है। एक मजबूत नींव और प्रौद्योगिकी के दम पर हम इस वृद्धि को बनाए रखने और यहां तक कि ऋण संवितरण को चालू वित्त वर्ष के अंत तक 60,664 करोड़ रुपये तक ले जाने के लिए आश्वस्त हैं । मार्च 2022 के अंत तक गृह ऋण का संवितरण 17,993 करोड़ रुपये था, जोकि 2020-21 में 7,838 करोड़ रुपये था। इस साल होम लोन संवितरण का लक्ष्य 28,966 करोड़ रुपये है। इसी तरह संपत्ति आधारित ऋण का संवितरण 13,060 करोड़ रुपये रहा, जोकि वित्त वर्ष 2020-21 के 4,268 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग तीन गुना था। 2022-23 के लिए 17,848 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

एंड्रोमेडा ने मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में शाखा नेटवर्क को पिछले वर्ष के 251 से बढ़ाकर 300 कर दिया। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में शाखाओं की संख्या को और बढ़ाकर 325 करना है।

## मारुति की नयी एक्सएल 6 लांच , शुरूआती कीमत 11.29 लाख

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी नयी छह सीटर बहुउद्देश्यीय यात्री कार नयी एक्सएल 6 लाँच करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम शुरूआती कीमत 11.29 लाख रुपये है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उसकी सबसे प्रीमयम पेशकश, बोल्ड डिजाइन, और बेहतर आराम की सुविधाओं के साथ, इन-बबल्ट कनेक्टेड टेक्नोलॉजी और नेक्स्ट-जेन पॉवरट्रेन से लैस है। इस मौके पर कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हसाशी ताकेउचि ने कहा एक्स एल 6 नेक्सा में हमारे लिए एक बहुत ही सफल मॉडल रहा है। इसने बेहद कम समय में प्रीमयम एमपीवी के रूप में अपने लिए जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है। बोल्ड लुक के साथ, फीचर-पैक, यूटिलिटी व्हीकल के लिए विकसित हो रहे ग्राहकों की आकांक्षाओं ने हमें ऑल-न्यू एम्सएल 6 पेश करने के लिए प्रेरित किया है। इस एमपीवी में बेहतर आराम और सुविधाएं हैं, जो आज के आधुनिक खरीददार को प्रसन्न करने के लिए काफी हैं।

उन्होंने कहा कि इस नयी कार में नया 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दिया गया है। कलात्मक रूप से डिजाइन किए गए बाहरी और आंतरिक सज्जा इसको प्रीमियम एमपीवी बनाते हैं। नए जमाने के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाली उन्नत तकनीक इसको अग्रणी श्रेणी में ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसको शहरी ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है जो उनकी जीवनशैली के साथ ही आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सुरक्षा की दृष्टि से इसके सभी मॉडल में न्यूनतम चार एयरबैग दिये गये हैं।

इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन है। पांच स्पीड मैनुअल ट्रासमिशन और न्यू एडवांस्ड 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ यह नयी कार उपलब्ध है। कंपनी का दावा है कि यह कार मैनुअल ट्रांसमिशन में 20.97 किलोमीटर प्रति लीटर और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में 20.27 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देती है।

### मैगी बनाने वाली कंपनी को तगड़ा झटका, मुनाफे में आई कमी

नई दिल्ली। मैगी, किटकैट और नेस्कैफे जैसे लोकप्रिय ब्रांड से पहचान बनाने वाली कंपनी Nestle India को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, नेस्ले इंडिया ने बताया है कि लागत बढ़ने के कारण मार्च 2022 में खत्म तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 1.25 प्रतिशत घटकर 594.71 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 602.25 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी शुद्ध बिक्री 9.74 फीसदी बढ़कर 3,950.90 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,600.20 करोड़ रुपये थी।

## मुद्रास्फीति और कच्चे तेल में उबाल से टूट रही है वैश्विक आर्थिक वृद्धि की लय : सीतारमण

**नयी दिल्ली/वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि की गति विभिन्न बाधाओं के कारण अवरूद्ध हो रही है तथा इस पर ऊंची मुद्रास्फीति के लंबे दौर, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं, कच्चे तेल के बाजार में उफान और निवेशकों के मन में अनिश्चितता का भी असर पड़ रहा है।

श्रीमती सीतारमण वाशिंगटन में जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और उनके केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जी-20 समूह वृहद आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नीतियों के समन्वय को उत्प्रेरित करने के लिए एक अच्छी स्थिति में है। श्रीमती सीतारमण ने विश्व की अर्थव्यवस्थाओं की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने यह आह्वान ऐसे समय में किया है, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य पर ताजा रिपोर्ट (वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक) में 2022 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया गया है। आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर के अनुमान को भी घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया है।

आईएमएफ का कहना है कि वैश्विक आर्थिक महामारी के दीर्घकालिक प्रभावों के साथ-साथ यूक्रेन संकट और वैश्विक जिंस एवं ईंधन बाजार में कीमतों में भारी उछाल का निजी निवेश और उपभोग मांग पर असर पड़ रहा है। जनवरी में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 9.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

श्रीमती सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों के सिलसिले में वाशिंगटन में हैं।

इस अवसर पर जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की भी बैठक आयोजित की गयी। वित्त मंत्री ने वाशिंगटन में एक अलग बैठक में सेमिकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन न्यूफर से मुलाकात की।

उन्होंने न्यूफर को भारत में सेमीकंडक्टर और माइक्रो चिप उद्योग में निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार की नीतिगत पहलों की जानकारी दी।

## एनसीडीईएक्स कारोबार

मुंबई। भारत के अग्रणी ऑनलाइन कृषि जिंस एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) में 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2021-22 में औसत दैनिक व्यापार 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,857 करोड़ रुपये रहा। यह औसत वित्त वर्ष 2020-21 में 1,261 करोड़ रुपये और कोरोना महामारी से पहले वर्ष 2019-20 में 1,794 करोड़ रुपये था।

एनसीडीईएक्स ने गुरुवार को बताया कि सोया, सरसों और चना जैसी जिंसों के वायदा कारोबार पर सरकार द्वारा लगायी गयी रोक के बावजूद उसके मंच पर दैनिक लेनदेन में उछाल आया है।

एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण रास्ते ने गुरुवार को यहां यूनीवार्ता से कहा,अभूतपूर्व भू-राजनीतिक उथलपुथल के कारण कठिन दौर से गुजर रहे जिंस बाजार में वित्त वर्ष 2021-22 में हमारा प्रदर्शन दिखाता है कि बाजार में काम करने वाले विशेषकर कृषि जिंसों के अनुबंधों के सौदों में भाग लिया। यह उतार-चढ़ाव के दौर में जोखिम प्रबंधन के प्रति यह उनकी सतर्कता को भी दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में वायदा और विकल्प के अनुबंधों के सौदों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गयी। वर्ष के दौरान मासिक ओपन इंटरेस्ट (निपटान के लिए बकाया सौदे) औसतन 3,554 करोड़ रुपये तक रहे, यह इससे पिछले साल के 2,695 करोड़ रुपये के मासिक ओपन इंटरेस्ट की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। ओपन इंटरेस्ट का ऊंचा होना बाजार प्रतिभागियों की अच्छी गुणवत्ता और गंभीरता का पैमाना माना जाता है।

एनसीडीईएक्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2021-22 कृषि डेरिवेटिव्स प्रणाली के लिए चुनौती भरा वर्ष रहा क्योंकि इसमें कुछ प्रमुख जिंस डेरिवेटिव्स अनुबंधों पर रोक लगा दी गई। लेकिन हकीकत यह है कि अनिश्चितता और तेज उतार-चढ़ाव के बीच मूल्य श्रृंखला के भागीदारों को जोखिम से बचने के लिए डेरिवेटिव्स बाजार की और अधिक जरूरत होती है, जो सभी कमोडिटी में भागीदारी बढ़ने से साबित भी हुआ।

अरुण ने कहा, एनसीडीईएक्स ने लाखों किसानों के जीवन को प्रभावित करने के अपने प्रयास में 400 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के जरिये 10 लाख से ज्यादा किसानों को एक्सचेंज प्लेटफॉर्म से जोड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

एनसीडीईएक्स, भारत के अग्रणी ऑनलाइन एक्सचेंज के रूप में विभिन्न कृषि जिंसों में कई प्रकार के मानक उत्पाद उपलब्ध कराता है। यह एक्सचेंज विक्रेताओं और खरीदारों को अपने इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के जरिये एक साथ ले आता है।

## शार्ट न्यूज

### 14 साल की उन्नति सीनियर भारतीय बैडमिंटन टीम में शामिल

नयी दिल्ली। 14 साल की उन्नति हुड्डा ने राष्ट्रमण्डल और एशियाई खेलों तथा थॉमस और उबेर कप के लिए चुनी गयी सीनियर भारतीय टीम में जगह बनायी है। चयन ट्रायल में 120 खिलाड़ी उतरे जिनमें से 40 खिलाड़ियों ने कोर ग्रुप में जगह बनायी है। भारतीय बैडमिंटन संघ ने आगामी थॉमस और उबेर कप तथा राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए गुरूवार को भारतीय टीमों की घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष टीम में लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, सात्विकसैराज रेंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और बी सुमित कुमार तथा महिला टीम में पीवी सिंधू, आकर्षि कश्यप, ट्रेसा जॉली, गायत्री पी और अश्विनी पोनप्पा शामिल हैं। सुमित रेड्डी और पोनप्पा ने मिश्रित युगल में शीर्ष स्थान पर रहने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम में जगह बना ली। हरियाणा के रोहतक के 14 वर्षीया उन्नति एशियाई खेलों के साथ साथ महिलाओं के उबेर के लिए भी भारतीय टीम में जगह बना ली। एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह बनाने वाली उन्नति सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्नति पहले स्थान पर रही कश्यप और दूसरे स्थान पर रही अश्मिता चालिहा के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों और उबेर कप के लिए 10 सदस्यीय महिला टीम में सिंधू,कश्यप, चालिहा , उन्नति हुडा और तीन युगल जोड़ियां ट्रेसा जॉली-गायत्री, अश्विनी पोनप्पा-एन सिक्की रेड्डी तथा तनीषा क्रिस्टो-श्रुति मिश्रा शामिल हैं।

### रोहित और बुमराह बने विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर

लंदन। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। उनके साथ डेवोन कॉन्वे, डेन वान निकर्क और ओली रॉबिन्सन को भी विजडन अवार्ड के लिए चुना गया है । बोहित और बुमराह ने इंग्लैंड के पिछले दौरे में क्रमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी औसत में टॉप किया था । यह सीरीज भारत के 2-1 से आगे रहते एक मैच पहले कोविड 19 के खतरे के मद्देनजर समाप्त हो गयी थी। बचा हुआ एक टेस्ट जुलाई में खेला जाना है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रुट को उनके वैश्विक प्रदर्शन के लिए दुनिया का शीर्ष क्रिकेटर चुना गया है। दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली महिला क्रिकेटर चुनी गयी है जबकि पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को टी 20 क्रिकेटर चुना गया है। कॉन्वे ने लॉर्ड्स में अपनी पहली टेस्ट पारी में 200 रन बनाये थे और इसके एक पखवाड़े बाद वह पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली न्यूज़ीलैंड की टीम का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका की आलराउंडर नी कर्क की कप्तानी में ओवल इंविसीबल्स ने महिला हंड्रेड का पहला संस्करण जीता था। इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की थी और न्यूज़ीलैंड तथा भारत के खिलाफ अपने पहले चार मैचों में 28 विकेट झटके थे। विजडन के फाइव क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार खिलाड़ी को करियर में एक बार ही मिलता है और यह पुरस्कार इंग्लैंड के घरेलू सत्र में खिलाड़ी के प्रभावशाली प्रदर्शन का नतीजा होता है।

### भुला देने वाला मैच था : मयंक

मुम्बई। पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली नौ विकेट की करारी हार के बाद इसे भुला देने वाला मैच बताया। मयंक ने मैच के बाद कहा, हमने ना अच्छी गेंदबाज़ी की और ना ही बल्लेबाज़ी की। हमने शुरुआत में ही काफ़ी विकेट गंवा दिया। यह एक भुला देने वाला मैच था और हम इस मैच से उबर कर अब अगले मैच पर फ़ोकस करेंगे। दिल्ली ने पंजाब को 115 रन पर समेटने के बाद 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### श्रीलंका के जूनियर मलिंगा बने चेन्नई सुपर किंग्स के सदस्य

मुम्बई। चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ऐडम मिल्न की जगह पर महीश पथिराना को शामिल किया है। मिल्न पिछले कुछ दिनों से चोटिल चल रहे हैं। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ खेले गए आईपीएल 2022 के पहले मैच में चोट लगी थी। उसके बाद से मिल्न ने इस सीज़न में सीएसके के लिए कोई मैच नहीं खेला है। 19 वर्षीय पथिराना इस साल खेले गए अंडर 19 विश्व कप में श्रीलंकाई टीम के सदस्य थे। उस दौरान उन्होंने चार मैच खेले थे और 27.28 की औसत से सात विकेट झटके थे। इन चारों मैचों में उनकी इकॉनमी 6.16 की थी। पथिराना का एक्शन लगभग मलिंगा की तरह है। वह काफ़ी तेज़ गति से यॉर्कर फेंकते हैं, जो एकदम अंतिम समय पर स्विंग होती है। हालांकि सीनियर लेवल पर पथिराना ने केवल एक लिस्ट ए मैच और दो टी20 मैच खेला है। पिछले कुछ समय से सीएसके का ध्यान इस खिलाड़ी पर था। आईपीएल 2021 से पहले उन्होंने श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश थीक्षना के साथ पथिराना को एक रिज़र्व खिलाड़ी के तौर पर रखा था। आईपीएल मेगा ऑक्शन में सीएसके ने थीक्षना को 70 लाख की रक़म देकर अपनी टीम में शामिल किया था और पथिराना भी अब सीएसके के मुख्य दल का सदस्य बन चुके हैं। आईपीएल प्रबंधन की तरफ़ से जारी की गई एक सूचना के अनुसार सीएसके ने पथिनारा को 20 लाख रूपए की राशि देकर अपनी टीम में शामिल किया है।

### रोहित शर्मा ने इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्य का फ्लैगशिप ऐप लॉन्च किया



हैदराबाद (तेलंगाना)। इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्य ने अपने फ्लैगशिप ऐप 'इनफिनिटी लर्न' के लॉन्च की घोषणा की है, जो पढ़ने वालों को पढ़ाई का संपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। इस ऐप का लक्ष्य 6ठी कक्षा से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिये सुदृढ़ विषय-वस्तु और सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के साथ निजीकृत एवं संवादपरक शिक्षण प्रदान करना है। विद्यार्थी अब आईआईटी, एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के लिये आसानी से तैयारी कर सकते हैं। इस ऐप को भारतीय क्रिकेट टीम और आईपीएल टीम मुम्बई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने मुम्बई से वर्चुअल तरीके से आज हैदराबाद में लॉन्च किया। ऐड-फिल्म का थीम है जीत पक्की'', जिसमें रोहित शर्मा को हर दिन, हर समय कैसे खेलें, कैसे जीते, आदि पर सलाह और सुझाव दिये जाते हैं। तो रोहित कहते हैं कि उन्हें यह सफलता केवल अपने कोच की बात सुनने से मिली है, जिन्होंने उन्हें सही सलाह दी है। इसके माध्यम से इनफिनिटी लर्न यह संदेश देता है कि 'सीखने वाले को सफल होने का मार्गदर्शन एक विशेषज्ञ ही दे सकता है और जीत पक्की के लिये सीखने वाले के सफर में उसका भागीदार बन सकता है'। इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्य की संस्थापक निदेशक सुषमा बोपन्ना ने कहा , इनफिनिटी लर्न का लक्ष्य है विद्यार्थियों के लिये डिजिटल पढ़ाई के अनुभव को बदलना। हमने पढ़ाई का संपूर्ण रोचक, प्रभावी और मापन-योग्य अनुभव निर्मित करने के लिये कक्षा में पढ़ाने के अपने 36 वर्षों से ज्यादा के अनुभव को जोड़ा है। व्यवहारिक पढ़ाई और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को मिलाकर हम डिजिटल पढ़ाई के वातावरण में फिजिकल कक्षा जैसी भागीदारी चाहते हैं। हमारा मानना है कि इनफिनिटी लर्न सफल होने की विद्यार्थियों की आकांक्षा में उनकी मदद करेगा। इनफिनिटी लर्न के सीईओ और प्रेसिडेंट उज्जवल सिंह ने कहा, हम अपने हर काम के केन्द्र में विद्यार्थियों को रखना चाहते हैं। इस ऐप के माध्यम से हमारी पेशकश सुनिश्चित करती है कि विद्यार्थी अपनी प्रगति और प्रदर्शन का आकलन कर सकें, ताकि उनके शैक्षणिक लक्ष्य पूरे हों।

# टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा बने बिना दूसरे सबसे ज़्यादा वनडे और टी20 खेलने वाले खिलाड़ी हैं पोलार्ड

**मुम्बई।** वेस्टइंडीज़ के वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान कीरोन पोलार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर पर एक नजरऱअपने 15 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय करियर में पोलार्ड ने कुल 224 मैच खेले। बिना टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा बने, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पोलार्ड दूसरे सबसे ज़्यादा वनडे और टी20 खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुल मिलाकर 238 वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के साथ सिर्फ़ डेविड मिलर ही पोलार्ड से आगे हैं।101 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज़ का प्रतिनिधित्व किया पोलार्ड ने। वह इस प्रारूप में वेस्टइंडीज़ के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। साथ ही पोलार्ड इकलौते ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 100 से अधिक टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के बाद भी अपना टेस्ट डेब्यू नहीं किया।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पोलार्ड विश्व के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। 2021 में



श्रीलंका के विरुद्ध खेले गए मैच में उन्होंने अकिला धनंजय के एक ओवर में छह बार गेंद को सीमा रेखा के बाहर भेजा था। 2007 में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के ख़िलाफ़ युवराज सिंह ने पहली बार यह कारनामा किया था।

वनडे क्रिकेट में पोलार्ड ने औसतन हर पारी में 1.2 छक्के लगाए। यह कम से कम 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज़ों में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। देखा जाए तो वनडे मैचों में पोलार्ड हर 21.23 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं जो इस मामले में उन्हें शाहिद अफ़रीदी (19.64) के बाद दूसरे स्थान पर रखता है।

135 छक्के लगाए पोलार्ड ने वनडे मैचों में। यह इस प्रारूप में वेस्टइंडीज़ के लिए किसी प्लेयर द्वारा लगाए गए दूसरे सर्वाधिक छक्के हैं। 298 मैचों के अपने करियर में 330 छक्कों के साथ केवल क्रिस गेल उनसे आगे हैं।

पोलार्ड उन तीन खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियर में चौके से ज़्यादा छक्के लगाए (कम से कम 50 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी)। 101 मैच के अपने करियर में उन्होंने 99 छक्के लगाए जो उनके 94 चौकों से पांच अधिक हैं। आंद्रे रसल ने 62 छक्के जड़े लेकिन उनके बल्ले से केवल 42 चौके निकले। एविन लुईस ने 106 चौकों की तुलना में 110 छक्के लगाए हैं। 99 छक्के जड़े पोलार्ड ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में। यह इस फ़ॉर्मेट में वेस्टइंडीज़ की ओर से लगाए गए तीसरे सर्वाधिक छक्के हैं।

क्रमशः 124 और 110 छक्कों के साथ गेल और लुईस इस मामले में पोलार्ड से आगे हैं। सभी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की बात की जाए तो केवल सात पुरुष बल्लेबाज़ों ने पोलार्ड से अधिक छक्के लगाए हैं।

# राजस्थान रॉयल्स को मिलेगी दिल्ली से कड़ी चुनौती

मुम्बई। पंजाब किंग्स को नौ विकेट से रौंदने के बाद दिल्ली कैपिटल्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के सामने कड़ी चुनौती रखेगी।

दिल्ली ने अपनर पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स को 115 रन पर रोकने के बाद एक विकेट पर 119 रन बनाकर बड़ी जीत हासिल की थी। राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता को पिछले मुकाबले में बड़े स्कोर वाले मैच में सात रन से हराया था। राजस्थान के जोस बटलर ने पिछले मुकाबले में शानदाय शतक (103) बनाया था। बटलर के नाम छह मैचों में दो शतक के साथ 375 रन दर्ज हैं।वानखेड़े में भी उनका रिकॉर्ड बहुत बेहतरीन है और 22 मैचों में उनके नाम 146.94 के स्ट्राइक रेट से 626 रन है।

दिल्ली में आने के बाद डेविड वॉर्नर फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पिछली तीन पारियों में लगातार तीन अर्धशतक [60*(30), 66(38) और 61(45)] बनाये हैं। राजस्थान के ख़िलाफ़ भी उनका रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है और पिछले चार मैचों में उन्होंने 142.34 के स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए हैं।राजस्थान के लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल छह मैचों में 17 विकेट लेकर इस सीज़न के पर्पल कैपधारी हैं। पिछले मैच में तो उन्होंने कमाल करते हुए हैट्रिक समेत पांच विकेट लिए थे। वानखेड़े स्टेडियम में भी जब उन्होंने पिछला मैच खेला था, तो उनके आंकड़े 4/41 थे।

शिमरॉन हेत्माएर की निरंतरता इस आईपीएल की अब तक की सबसे बड़ी क़ामयाबी है। छह पारियों में उनके नाम लगातार 25+ का स्कोर है। डेथ ओवर में तो वह और भी शानदार रहे हैं और इस दौरान उनके नाम 62 गेंदों में 249.18 के स्ट्राइक रेट से 152 रन हैं। इस दौरान वह सिर्फ़ दो बार आउट हुए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स में आने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ख़लील अहमद का फ़ॉर्म बेहतरीन रहा है और उन्होंने पांच पारियों में 10 विकेट लिए हैं। वानखेड़े स्टेडियम में भी उनके नाम दो मैच में चार विकेट हैं।

दिल्ली के लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल की इस टूर्नामेंट में शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही थी, लेकिन धीरे-धीरे वह फ़ॉर्म में आ रहे हैं। पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ पिछले मैच में उन्होंने दो विकेट लिए थे। इसके अलावा वह बल्लेबाज़ी में भी अपना योगदान दे सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ उनका रिकॉर्ड बेहतरीन है और उनके नाम 11 मैचों में 6.76 की इकॉनमी से 12 विकेट हैं।

### अगस्त में नीदरलैंड्स के दौरे पर जाएगा पाकिस्तान

लाहौर। आगामी अगस्त महीने में नीदरलैंड्स पाकिस्तानी टीम की मेज़बानी करेगा। दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। दोनों देशों की बीच यह सीरीज़ जून 2020 में ही खेली जानी थी, लेकिन कोरोना के चलते इसे टाल दिया गया था। दोनों देशों के बीच होने वाली यह सीरीज़ वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा होगी। यह सीरीज़ दोनों देशों के बीच पहली एकदिवसीय सीरीज़ होगी। तीनों मैच 16,18 और 21 अगस्त को वीओसी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों ही टीमें विश्व कप में दो (1996 और 2003) और चैम्पियंस ट्रॉफ़ी(2002) में एक बार भिड़ चुकी हैं। पाकिस्तान ने इन तीनों ही मुक़ाबलों में जीत दर्ज की थी। पीसीबी के निदेशक ज़ाकिर ख़ान ने सीरीज़ को पुनर्निर्धारित करने में सहयोग देने के लिए नीदरलैंड्स क्रिकेट बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नीदरलैंड्स में क्रिकेट विकास और 2023 विश्व कप के मद्देनज़र दोनों ही टीमों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। ज़ाकिर ने कहा, हमारी पुरुषों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का 2021-22 सीज़न शानदार रहा और मुझे विश्वास है कि वह अच्छे क्रिकेट के साथ प्रवासी पाकिस्तानियों और डच दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेगी: अनुराग ठाकुर

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेगी। ठाकुर कर्नाटक में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के बारे में संवाददाताओं को जानकारी दे रहे थे।

बातचीत के दौरान खेल विभाग की सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय खेल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृष्टिकोण के अनुरुप हैं, जिन्होंने खेलों के पहले आयोजन में प्रतिभागियों को संबोधित किया था और ओलंपिक सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों के एक ठोस आधार के रूप में विश्वविद्यालय खेलों के महत्व के बारे में बताया था।

ठाकुर ने कहा कि केआईयूजी 2021 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का दूसरा आयोजन है, जो बेंगलुरू में संपन्न होगा और जैन मान्य विश्वविद्यालय इन खेलों का मेजबान विश्वविद्यालय होगा।

यह प्रतियोगिता कर्नाटक सरकार द्वारा भारत सरकार के युवा कार्य एवं



खेल मंत्रालय के सहयोग से 24 अप्रैल से 3 मई, 2022 तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा, केआईयूजी 2021 में लगभग 190 विश्वविद्यालयों के 3879 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे, जो 20 क्षेत्रों में और 257 स्वर्ण पदकों के लिए संघर्ष करेंगे, जिसमें मल्लखंब और योगासन जैसे स्वदेशी खेल शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन खेलों में कई चीजें पहली बार शामिल की जा रही हैं, जिनमें यह पहला खेलो इंडिया ग्रीन गेम्स भी एक है। खेलों में रिसाइकिल करने योग्य सामग्री होगी और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह एक अपशिष्ट-मुक्त खेल होगा। इसके अलावा, खेलों के लिए अपनी तरह का पहला मोबाइल एप्लिकेशन भी विकसित किया गया है जिसमें खेलों के बारे में सभी आवश्यक जानकारी होगी, जिसका उपयोग एक एथलीट गेम्स से पहले और गेम्स के दौरान कर सकता है, इस प्रकार प्रतिभागियों को डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण से युक्त सुविधा प्रदान की जा रही है।

श्रीहरि नटराज और दुती चंद सहित कई ओलंपियन सहित प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कई एथलीट भी इन खेलों में भाग लेंगे।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों का सबसे बड़ा मंच है और इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न खेलों के लिए राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का लॉन्च पैड प्रदान करना है।

खेलों का सीधा प्रसारण डीडी और सोनी 6 पर सोनी ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव के साथ-साथ आकाशवाणी, प्रसार भारती, खेलो इंडिया सहित अन्य कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

यह भी पहली बार हो रहा है कि राष्ट्रीय एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) इसमें भाग लेने वाले एथलीटों को सूचना, शिक्षा और संचार का प्रसार करने के लिए एक ऐप का उपयोग करेगा, ताकि उन्हें डोपिंग के जोखिम के बारे में पूरी तरह से शिक्षित किया जा सके।

# मालदीव ने 'इंडिया आउट' कैंपेन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घोषित किया खतरा

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मालदीव में भारतीय सेना की मौजूदगी के विरोध में विपक्ष के नेतृत्व वाले इंडिया आउट अभियान को रोकने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने अपने आदेश में कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने फैसला किया था कि इंडिया आउट अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने कहा है कि परिषद ने फैसला किया कि एक विशिष्ट देश को लक्षित करने वाले राजनीतिक अभियानों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

#### इंडिया आउट कैंपेन ने किया अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन

राष्ट्रपति सोलिह द्वारा साइन किए गए निर्देश में कहा गया कि यह अभियान ने मालदीव और भारत के



बीच सदियों पुरानी दोस्ती और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को नकारात्मक रूप से प्रभावित इस अभियान ने सभी अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन किया है।

यह अभियान मालदीव की शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है और गंभीर आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का कारण बन सकता है।

सोलिह ने आगे कहा है कि इस आंदोलन के परिणामस्वरूप मालदीव अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अलग-थलग पड़ सकता है और इससे अन्य देशों के साथ मालदीव के द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हो सकते हैं, जबकि देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को भी खतरा हो सकता है। राष्ट्रपति ने संबंधित अधिकारियों को आंदोलन और उसकी गतिविधियों को रोकने के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया है।

#### क्या है इंडिया आउट कैंपेन?

पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन अब्दुल गयूम के नेतृत्व में विपक्ष मालदीव में तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों को बाहर निकालने के लिए इंडिया आउट अभियान चला रहा है। हाल के महीनों में इस आंदोलन ने गति पकड़ी है। सरकार द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि भारत से मालदीव को कोई खतरा नहीं है, विपक्ष का दावा है कि भारत मालदीव पर अनुचित प्रभाव डालता है और राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की स्वतंत्रता को खतरा है।

### शहबाज का पीटीआई कैबिनेट सदस्यों को नो फ्लाई सूची में रखने फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूर्ववर्ती सरकार,पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) मंत्रिमंडल के कई सदस्यों को नो-फ्लाई सूची में रखने का फैसला लिया है। समाचार पत्र 'डान'ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शरीफ ने आशंका व्यक्त की कि पीटीआई शासन के दौरान 'भ्रष्टाचार'धन एकत्र किए गए मामले से बचने के लिए पूर्वमंत्रिमंड के कुछ सदस्य कभी भी विदेश भागने का प्रयास कर सकते हैं। नयी सरकार ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल समेत मौजूदा मंत्रिमंडल के सदस्यों के नाम एक्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) से हटाने का फैसला किया है। शरीफ ने पिछली सरकार को देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी, मुद्र स्फीति, गरीबी, बिजली कटौती के लिए जैसी मौजूदा चुनौतियों के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# अफगानिस्तान : नमाज के दौरान मस्जिद में बम धमाका, 10 की मौत; 40 घायल

काबुल। गुरुवार को उत्तरी अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर में एक शिया मस्जिद में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 10 नमाजियों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। मजार-ए-शरीफ के मुख्य अस्पताल के प्रमुख डॉ. घौसुद्दीन अनवारी ने समाचार एजेंसी एफपी को बताया कि मृतकों और घायलों को एम्बुलेंस और निजी कारों में लाया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी मजार-ए-शरीफ में साईं डोकेन मस्जिद में विस्फोट उस समय हुआ जब मुस्लिम रमजान के पवित्र महीने में नमाज अदा कर रहे थे।

समाचार एजेंसी एएफपी ने बल्ख प्रांत के सूचना और संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह नूरानी का हवाला देते हुए बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पुष्टि होती है कि कम से कम 25 लोग हताहत हुए हैं। मजार-ए-शरीफ में तालिबान कमांडर के प्रवक्ता मोहम्मद



आसिफ वजेरी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया, जिले में एक शिया मस्जिद के अंदर विस्फोट हुआ, जिसमें 20 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए। गौर करने वाली बात यह है कि अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

यह घटना पश्चिमी काबुल के एक हाई स्कूल में तीन विस्फोटों के बाद हुई है, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए थे और बच्चे घायल हो गए। पीड़ित लोग शिया हजारा समुदाय के हैं, जो एक जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यक है जिसे अक्सर इस्लामिक स्टेट सहित सुन्नी आतंकवादी समूहों द्वारा निशाना बनाया जाता है।

जब से तालिबान शासन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया है, देश में विस्फोट और हमले होना एक नियमित मामला बन गया है। एक अन्य घटना के साथ काबुल में दिन में दो बच्चे घायल हुए थे। टोलोन्यूज ने आंतरिक मंत्रालय के हवाले से ट्वीट किया, विस्फोट काबुल शहर के पुलिस जिला 5 के कंबार चौक में हुआ।

### रूस ने गूगल पर ठोका 137,600 डॉलर का जुर्माना

मॉस्को। मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में जारी रूसी सुरक्षा बलों के विशेष सैन्य अभियान के बारे में यूट्यूब पर झूठे तथ्य पेश करने वाले वीडियोज को लेकर दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल पर 40 लाख रूबल (49,900 डॉलर) का जुर्माना लगाया है और इसके साथ ही रूस में आतंकवादी हमलों व तोड़फोड़ के लिए उकसाने वाले वीडियोज के लिए 70 लाख रूबल (87,700 डॉलर) का जुर्माना लगाया है। जस्टिस तिमूर वखरामीव ने अपने फैसले में कहा कि अदालत ने गूगल को रूसी प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 2 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया है और इसके लिए 40 लाख रूबल के दंडात्मक हर्जाने का आदेश दिया जाता है।

### मरियम को नहीं मिलेगा पासपोर्ट, याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में लाहौर हाईकोर्ट ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज की पासपोर्ट वापस करने संबंधी याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुश्री नवाज को अगले सप्ताह उमराह के लिए सऊदी अरब जाना है, जिसके लिए उन्होंने अपना पासपोर्ट मांगा था। जस्टिस शाहबाज अली रिजवी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने श्रीमती मरियम की याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। सुश्री नवाज ने 2019 में चौधरी चीनी मिल मामले में जमानत मिलने के बाद अपना पासपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंप दिया था और जमानती बांड जमा कर दिया था।

### श्रीलंका में अब वकील और डॉक्टरों ने की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग

कोलंबो। श्रीलंका में मौजूदा आर्थिक एवं राजनीतिक संकट के मद्देनजर अब वकील और डॉक्टरों ने राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर आवाज उठाई है ताकि किसी कार्यवाहक या अंतरिम सरकार की नियुक्ति हो सके। द आईलैंड समाचार पत्र ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि खुद को डायरेक्शन ऑफ श्रीलंका का नाम देने वाले इस समूह ने सभी राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले समान संख्या में उप मंत्रियों के साथ 18 सदस्यीय एक कैबिनेट गठन का आह्वान किया है। देश में जारी सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन और संसद में विपक्षियों के जोरदार हंगामे को देखते हुए इस समूह ने राष्ट्रपति की ओर से नये मंत्रिमंडल की नियुक्ति को खारिज कर दिया है।

### मारियुपोल पर रूस का नियंत्रण : पुतिन

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के करीब दो महीने बाद मारियुपोल पर नियंत्रण करने के लिए सेना की सराहना की। पुतिन ने सेना से कहा है वो अब केवल मारियुपोल स्टीलवर्क्स की नाकाबंदी का चाहते है। यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। एक वरिष्ठ रूसी राजनयिक ने कहा कि जब उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) यूक्रेन को कठपुतली बनाना बंद कर देगा, तब रूस उसके (यूक्रेन) खिलाफ युद्ध रोक देगा।

### पाकिस्तान सरकार ने तारिक फातेमी की नियुक्ति रद्द की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने श्री सैयद तारिक फातेमी की प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार( विदेश मामले) के रूप में नियुक्ति उनके पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ संबंधों के खुलासे के बाद रद्द कर दी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सेवानिवृत्त राजनयिक श्री फातेमी लंबे समय से विदेश मामलों पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सहयोगी रहे हैं। हालांकि अब वह विदेशी मामलों को छोड़कर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में के विशेष सहायक के रूप में राज्य मंत्री के अतिरिक्त दर्जे के साथ बने रहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला डॉन लीक कांड के दौरान फातेमी की भूमिका को लेकर लिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे



**पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।**

रैंकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

## अभिभावक क्या करें

### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं। गलत विषय का चयन भी बच्चों को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर देता है।

### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

### पैरेंट्स डायरी

हर कीमत पर बच्चे की मदद को तैयार रहें। उसकी शारीरिक-भावनात्मक स्थिति पर नजर रखें और प्रोफेशनल की मदद लेने को भी तैयार रहें। ताकि बच्चा अवसाद से न घिरे।

उसे भावनात्मक लगाव और सहयोग दें। उसकी बातें सुनें, आलोचना न करें और उनसे लगातार संवाद बनाएं रखें।

उसे अधिकाधिक सूचनाएं दें। लाइब्रेरी की सदस्यता दिलाएं, स्पोर्ट्स क्लब जॉइन कराएं, दोस्तों से मिलने-जुलने को प्रेरित करें, इंटरनेट पर दिलचस्प जानकारियां लेने को कहें, सामाजिक संस्था से जोड़ें।


### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है।

उचित मार्गदर्शन, प्यार, विश्वास और धैर्य के साथ बेझिझक बातचीत करते हुए बच्चे के मन की बात जानना बेहद जरूरी है ताकि वह हर बात को बिना किसी डर के आपके समक्ष रख दे। शारीरिक हालत को देखते हुए तुरंत बच्चे की मनस्थिति समझने का प्रयास शुरू कर दें।



# 17 जून को रिलीज होगी विद्युत जामवाल की 'खुदा हाफिज 2'



मुंबई। बॉलीवुड के एक्शन हीरो विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज 2 17 जून को रिलीज होगी। विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय स्टारर थ्रिलर फिल्म खुदा हाफिज दर्शकों को काफी पसंद आई थी। विद्युत जामवाल ने पिछले साल जुलाई में शिवलीका ओबेरॉय के साथ खुदा हाफिज चैप्टर 2 की शूटिंग शुरू की थी। अब उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। फिल्म के पोस्टर में विद्युत एक कैदी की वर्दी में बढ़े हुए बाल और दाढ़ीमें नजर आ रहे है। इस बारे में अभिनेता विद्युत जामवाल ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी।

अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए विद्युत ने फिल्म की तारीख का एलान किया। इस पोस्टर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, खुदा हाफिज चैप्टर 2 में समीर और नरगिस की अग्निपरीक्षा के साक्षी बनें। फिल्म 17 जून, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कियारा आडवाणी ने फिल्म भूलभुलैया से पहला मोशन पोस्टर शेयर किया


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने अपनी आने वाली फिल्म भूलभुलैया से अपना पहला मोशन पोस्टर शेयर किया है।

कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म भूलभुलैया से पहला मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।कियारा आडवाणी ने इस फिल्म से अपना पहला पोस्टर खुद फैन्स के साथ शेयर करते हुए अपने किरदार पर से पर्दा उठाया। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपना मोशन पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर की शुरुआत कियारा आडवाणी की आंखों से होती हैं, जिसमें खौफ साफ-साफ नजर आ रहा है। अपने मोशन पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कियारा आडवाणी ने अपने किरदार से भी पर्दा उठाया। कियारा आडवाणी फिल्म में %रीत% की भूमिका निभा रही हैं। कियारा ने अपने कैप्शन में लिखा, रीत से मिलिए, बेवकूफ मत बनिए, ये बिलकुल भी स्वीट नहीं है।

गौरतलब है कि भूल भुलैया का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है।इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, तब्बू, कियारा आडवाणी राजपाल यादव और संजय मिश्रा की अहम भूमिकायें हैं। यह भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है। भूल भुलैया 2 का निर्माण भूषण कुमार, मुराद खेतानी, अंजुम खेतानी और कृष्ण कुमार ने किया है।भूल भुलैया 2, 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अक्षय कुमार के माफी मांगने के बाद फिर वायरल हुआ पुराना वीडियो, एक्टर ने कहा था- नहीं करूंगा गुटखा के ऐड



नई दिल्ली। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार इन दिनों काफी सुर्खियों में बने हुए हैं। इस चर्चा की वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि विमल इलायची का विज्ञापन करना है। दरअसर, अक्षय कुमार विमल इलायची के विज्ञापन में नजर आए थे। इस ऐड को देखने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लोग लगातार ट्रोल कर रहे थे। लोगों की कड़ी आलोचना सुनने के बाद एक्टर ने माफीनामा जारी करते हुए लोगों से माफी मांगी। एक्टर के माफी मांगने के बाद उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर अब लोग चर्चा कर रहे हैं।

### क्या है वायरल हो रहा वीडियो

ट्विटर पर वायरल हो रहा वीडियो साल 2018 का है, इसमें एक्टर अक्षय कुमार स्टेज पर बैठे हुए दिख रहे हैं। एक्टर इसमें कह रहे हैं, मुझे कई ऑफर्स आते हैं। मुझे कई बड़े-बड़े गुटखा कंपनी के ऑफर्स आते हैं कि करो और अनगिनत सुनने वाले अमाउंट देने को तैयार होते हैं, लेकिन बात उसकी नहीं है, लेकिन स्वस्थ भारत के लिए मैं वो काम नहीं करूंगा। गलत काम नहीं करूंगा।

### वायरल हो रहे हैं मीम्स

अक्षय कुमार के माफी मांगने के बाद भी सोशल मीडिया पर लोग उन्हें लगातार ट्रोल कर रहे हैं। कुछ यूजर्स एक्टर को लेकर मीम्स शेयर कर रहे हैं। लोगों का कहना था है कि अक्षय कुमार सिगरेट न पीने की सलाह देते हैं और पान मसाला के ऐड में दिख रहे हैं।

### अक्षय कुमार ने मांगी माफी

अक्षय कुमार ने माफीनामा शेयर करते हुए लिखा, मैं अपने सभी चाहने वालों और शुभचिंतकों से माफी मांगना चाहता हूं। बीते कुछ दिनों में आपके रिएक्शन ने मुझे बहुत प्रभावित किया। हालांकि, मैंने तंबाकू को कभी एंडोर्स नहीं किया है और न कभी करूंगा। मैं विमल इलायची के साथ अपने एसोसिएशन पर आप सभी की फीलिंग्स का सम्मान करता हूं। मैं पीछे हटता हूं। मैंने निर्णय लिया है कि इंडोर्समेंट की फीस को मैं किसी अच्छे कार्य में दान दे दूंगा।



**हर एक के लिए फुर्सत के मायने अलग-अलग होते हैं। जैसे कुछ लोगों के लिए फुर्सत या छुट्टी का मतलब है बस घर में बैठे-बैठे कुछ करते रहना। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ।**

# छुट्टियों का लें भरपूर आनंद

कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढ़ना, बहुत दिनों से अधूरी पड़ी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली-बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड़ में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना.। ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और.। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

## फुर्सत यानी कुछ और

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है। लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

## रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है। मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं-'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है। सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

## चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं।

## तय हो योजना

आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

## जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

## छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

## तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

## तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

## सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।